www.deshbandhu.co.in खबरें लगातार ...
पत्र नहीं; मित्र
संपर्क : deshbandhusgr@gmail.com

# देशबन्धु

वर्ष – 8 । अंक–199 । सागर, गुरुवार, 7 सितंबर 2023 । पृष्ठ –8 । मूल्य – 3.00 रुपए

राशि होने के बाद भी नहीं हो रहे हैं विकास कार्य — पृष्ठ 3
▪ ये बनाम वो, हासिल आया शून्य ▪ इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी — पृष्ठ 4
▪ जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने की बैठक — पृष्ठ 6
ट्रैक्टर चोरी के आरोपियो को किया गिरफ्तार चोरी गया ट्रैक्टर भी बरामद किया — पृष्ठ 8

## सार-समाचार

### एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार का निधन



**तिरुवनंतपुरम, एजेंसी।** केरल के शीर्ष आईपीएस अधिकारियों में से एक और एसपीजी प्रमुख अरुण कुमार सिन्हा का कैंसर से लंबी लड़ाई के बाद बुधवार को गुरुग्राम के एक अस्पताल में निधन हो गया। चार साल पहले, उन्होंने केंद्रीय प्रतिनियुक्ति पर केरल छोड़ दिया था और विशेष सुरक्षा समूह से जुड़े थे। वह इस साल मई में सेवानिवृत्त होने वाले थे, लेकिन सेवा विस्तार दिया गया था।

### तमिलनाडु में सड़क हादसा, 6 की मौत

**चेन्नई, एजेंसी।** तमिलनाडु में बुधवार को एक सड़क हादसे में एक साल के मासूम बच्ची सहित एक ही परिवार को छह लोगों की मौत हो गयी तथा दो अन्य लोग घायल हो गए। पुलिस सूत्रों ने बताया कि पीड़ित हादसे के समय ओमनी वैन से सलेम जा रहे थे। इसी दौरान चालक ने वाहन पर से नियंत्रण खो दिया तथा वाहन चिन्नगौनदनूर में खड़े ट्रक से जा टकराया। सूत्रों के मुताबिक मृतकों की पहचान पलानीस्वामी, पी. पपति, सेलवराज, मंजूला अरुणुगम तथा मासूम बच्ची संजना के तौर पर हुई है।

### पद्म पुरस्कारों के लिए 15 तक किए जा सकते हैं नामांकन

**नई दिल्ली, एजेंसी।** विभिन्न क्षेत्रों में विशिष्ट तथा असाधारण योगदान के लिए दिये जाने वाले देश के सर्वोच्च नागरिक पुरस्कार, पद्म पुरस्कारों के वास्ते ऑनलाइन नामांकन तथा सिफारिशें इस महीने की 15 तारीख तक की जा सकती हैं। पद्म पुरस्कार वर्ष 1954 में स्थापित किये गये थे और इनके तहत पद्म विभूषण, पद्म भूषण और पद्मश्री पुरस्कारों की घोषणा हर वर्ष गणतंत्र दिवस के अवसर पर की जाती है।

### युवक को रस्सी से घसीटा, 2 गिरफ्तार

**झांसी, एजेंसी।** उत्तर प्रदेश के झांसी स्थित मऊरानीपुर के शिवगंज मोहल्ले से एक युवक को पहले महिलाओं ने चप्पलों से पीटा और फिर हाथ पांव में रस्सी से बांधकर उसे मोहल्ले भर में घसीटा। वह छोड़ने की गुहार लगाता रहा, मगर किसी ने नहीं सुना। उसका वीडियो अब वायरल हो रहा है। इस मामले में पुलिस ने पीड़ित पक्ष की ओर से मुकदमा दर्ज कर दो लोगों को गिरफ्तार किया है।

### आईआईटी मंडी के 10 छात्र किए गए निलंबित

**शिमला, एजेंसी।** हिमाचल प्रदेश की आईआईटी–मंडी ने बुधवार को बताया कि दस छात्रों को फ्रेशर्स से रैगिंग करने के आरोप में दिसंबर तक शैक्षणिक और छात्रावास से निलंबित कर दिया गया है। संस्थान ने बयान में कहा आईआईटी–मंडी के पास एक मजबूत रैगिंग विरोधी नीति है। घटना की जांच करने वाली समिति ने तुरंत संबंधित अधिकारियों को सूचित किया। 72 छात्रों के खिलाफ अनुशासनात्मक कार्रवाई की जा रही है।

सोनिया ने प्रधानमंत्री को लिखी चिट्ठी, विशेष सत्र का एजेंडा पूछा

# महंगाई, सीमा विवाद समेत 9 मुद्दों पर चर्चा की मांग

**नई दिल्ली, देशबन्धु।** 18 सितम्बर को शुरू होने वाले संसद के विशेष सत्र से पहले कांग्रेस की पूर्व अध्यक्ष सोनिया गांधी ने प्रधानमंत्री को एक चिट्टी लिखी है। कांग्रेस नेता ने इसमें संसद के विशेष सत्र का एजेंडा पूछा है।सोनिया गांधी ने इस पर भी सवाल उठाया कि बिना किसी चर्चा के विशेष सत्र का ऐलान क्यों किया गया। चिट्ठी में कांग्रेस नेता ने 9 मुद्दे उठाए हैं। कांग्रेस चाहती है सरकार महंगाई, भारत–चीन बॉर्डर विवाद और मणिपुर जैसे गंभीर मामलों पर चर्चा करे।

कांग्रेस संसदीय दल की अध्यक्ष सोनिया गांधी ने 24 पार्टियों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को यह पत्र भेजा है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने पिछले हफ्ते 18 से 22 सितंबर तक संसद के पांच दिन के विशेष सत्र के बारे में जानकारी दी थी।

बुधवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस कर



पहली बार है कि कोई बैठक बुलाई जा रही है और एजेंडा तय नहीं है, न ही सहमति बनाने का प्रयास किया गया है : सोनिया गांधी, कांग्रेस नेता

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने बताया कि बैठक में कांग्रेस संसदीय दल का रणनीति समूह शामिल हुआ था। इसके बाद इंडिया गठबंधन के दलों के सांसदों की बैठक हुई। उन्होंने बताया कि बैठक में तय हुआ कि विपक्ष सदन का बहिष्कार नहीं करेगा, बल्कि लोगों के मुद्दों को उठाएगा। जयराम रमेश ने बताया कि 6 सितंबर की सुबह सोनिया गांधी ने पीएम मोदी को पत्र लिखा और कहा कि कोई चर्चा किए बिना ही संसद का विशेष सत्र बुलाने का एलान कर दिया गया। पत्र में यह भी लिखा गया कि विशेष सत्र की कार्यसूची जारी की जाती है और ऐसा पहली बार है कि संसद के विशेष सत्र की कार्यसूची जारी नहीं की गई है, जो दुर्भाग्यपूर्ण है।

### प्रधानमंत्री में दिख रही घबराहट : रमेश

जयराम रमेश ने इंडिया या भारत नाम विवाद पर कहा, संविधान में लिखा है इंडिया दैट इज भारत .. इस पर कोई बहस नहीं होनी चाहिए। प्रधानमंत्री में ना केवल घबराहट दिखाई दे रही है, बल्कि थकावट भी दिख रही है। इंडिया गठबंधन की तीन बैठकों के बाद प्रधानमंत्री और उनके रणनीतिकार घबरा गए हैं।'

चिट्ठी का सरकार ने दिया जवाब

### गैरजरूरी विवाद पैदा करने का हो रहा प्रयास



संसद के विशेष सत्र पर कांग्रेस संसदीय दल की प्रमुख सोनिया गांधी की चिट्ठी का सरकार ने जवाब दिया है। केंद्रीय संसदीय कार्य मंत्री प्रह्लाद जोशी ने कहा है कि यह दुर्भाग्यपूर्ण है, आपका परंपराओं की तरफ ध्यान नहीं है। सत्र शुरू होने से पहले बातचीत की जाएगी। संसदीय कार्यमंत्री प्रह्लाद जोशी ने चिट्ठी में कहा, यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि आप संसद, हमारे लोकतंत्र के मंदिर के कामकाज का भी राजनीतिकरण करने और जहां कोई विवाद नही है वहां अनावश्यक विवाद उत्पन्न करने का प्रयास कर रही हैं।

मोदी ने मंत्रियों को दी सलाह

# भारत बनाम इंडिया पर बोलने से बचें, सनातन धर्म पर सख्ती से जवाब दें



**नई दिल्ली, एजेंसी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सभी मंत्रियों को जी–20 शिखर सम्मेलन के संदर्भ में भारत बनाम इंडिया की बहस को लेकर बयानबाजी से बचने की भी सलाह दी है।

इसके साथ ही प्रधानमंत्री मोदी ने अपने मंत्रियों को उदयनिधि स्टालिन द्वारा सनातन धर्म पर दिए गए बयान का सही तरीके से और सख्ती से जवाब देने को कहा है। जी–20 शिखर सम्मेलन को लेकर बुलाई गई केंद्रीय मंत्रिपरिषद की बैठक में प्रधानमंत्री श्री मोदी ने सभी मंत्रियों को जी–20 इंडिया ऐप डाउनलोड करने को कहा है। जी–20 शिखर सम्मेलन के मद्देनजर भारत सरकार के विदेश मंत्रालय ने सम्मेलन से पहले ऐप विशेषतौर पर लॉन्च किया है। इस ऐप को कई भाषाओं में एक्सेस किया जा सकता है। इस ऐप के जरिए मंत्रियों को विदेशी प्रतिनिधियों के साथ बातचीत करने में मदद मिलेगी। भारत के पास जब तक जी–20 की अध्यक्षता रहेगी, यह ऐप तब तक कार्य करेगा। मंत्रिपरिषद की बैठक में जी–20 शिखर सम्मेलन को लेकर एक प्रस्तुतिकरण भी दिया गया। इसके साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने जी–20 शिखर सम्मेलन के दौरान भी मंत्रियों को वीवीआईपी संस्कृति से बचने को भी कहा। उन्होंने राष्ट्रपति द्वारा 9 सितंबर को आयोजित किए गए रात्रिभोज में हिस्सा लेने वाले मंत्रियों को पहले संसद भवन पहुंचने और वहां से बस में बैठकर वेन्यू तक जाने की सलाह दी है।

खंडवा में केन्द्रीय मंत्री ने किया जन आशीर्वाद यात्रा का शुभारंभ, बोले-

# देश के पॉवर स्टेशन के रूप में उभर रहा मध्यप्रदेश



**भोपाल, देशबन्धु।** जिस मध्यप्रदेश में 5–6 मेडिकल कॉलेज हुआ करते थे, वहां अब 30 से अधिक मेडिकल कॉलेज हैं। बच्चों को शिक्षा, किसानों को पानी और बिजली मिल रही है। गांवों में उद्योग लग रहे हैं, जिनसे लोगों को रोजगार मिलेगा। अधोसंरचना में तेजी से सुधार हो रहा है। मध्यप्रदेश में इंदौर–हैदराबाद और देहली–मुंबई हाईवे बन रहे हैं, जिनके तैयार हो जाने पर एक घंटे में ओंकारेश्वर और 2 घंटे में बुरहानपुर से इंदौर पहुंचा जा सकेगा। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सड़क, बिजली, पानी, ट्रांसमिशन नेटवर्क का लगातार विकास हो रहा है और मध्यप्रदेश देश के पॉवर स्टेशन के रूप में उभर रहा है। यह बात केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी ने खंडवा में जन–आशीर्वाद यात्रा के शुभारंभ अवसर आयोजित सभा को सम्बोधित करते हुए कही।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री जी के नेतृत्व में मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान की सरकार लगातार विकास और गरीब कल्याण के काम कर रही है। प्रधानमंत्री आवास योजना में 44 लाख लोगों को आवास दिए गए हैं, जो एक रिकॉर्ड है। उज्जवला योजना में गैस सिलेंडर मिल रहे हैं, तो आयुष्मान योजना में मुफ्त इलाज हो रहा है। श्री गडकरी ने कहा कि वैकल्पिक ऊर्जा के क्षेत्र में मध्यप्रदेश में अच्छा काम हो रहा है। थर्मल एनर्जी, सोलर एनर्जी और सोलर संयंत्रों में इलेक्ट्रोलाइजर लगाकर हाइड्रोजन उत्पादन का काम हो रहा है। इस क्षेत्र में प्रदेश में जो काम हो रहा है, उसे देखकर ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### खंडवा मप्र में बिजली का हब है : शिवराज

मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने सभा में केन्द्रीय मंत्री श्री गडकरी की तारीफ करते हुए कहा कि जो असम्भव को संभव कर दें, उनका नाम नितिन गडकरी है। मध्यप्रदेश की सड़कों को लेकर जब–जब गडकरी जी को अवगत कराया है, उन्होंने हमारी हर समस्या का निदान कराया है। श्री चौहान ने कहा कि आज जन आशीर्वाद यात्रा की शुरूआत हो रही है और बारिश का मौसम बन रहा है। अगर किसानों पर संकट आए तो घबराना नहीं, सरकार आपकी हर समस्या का निदान करेगी। श्री चौहान ने कहा कि हम पानी और कोयले से बिजली बना रहे हैं और खंडवा मध्यप्रदेश में बिजली का हब है। ओमकारेश्वर में ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### भाजपा ने विकसित प्रदेश बनाया : शर्मा

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष, सांसद विष्णुदत्त शर्मा ने कहा कि 2003 से पहले रही मिस्टर बंटाधार के नेतृत्व वाली कांग्रेस सरकार के समय लोग सड़क, बिजली और पानी के साथ अपनी सुरक्षा तक के लिए मोहताज हो गए थे। कांग्रेस ने पूरे प्रदेश का बंटाधार कर दिया था। लेकिन 2003 के बाद भाजपा की सरकार ने विकास और गरीब कल्याण के कामों से मध्यप्रदेश को विकसित प्रदेश बनाया है।

3 दिन तक चली मैराथन बैठकों के बाद मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा- हम चुनाव के लिए तैयार

# विस चुनाव में बुजुर्ग और दिव्यांग घर बैठे कर सकेंगे मतदान



**भोपाल, देशबन्धु।** प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में आयोग ने बुजुर्ग और दिव्यांग मतदाताओं का विशेष ख्याल रखा है अब उन्हें घर बैठे ही मतदान करने की सुविधा प्रदान की जा रही है। मध्यप्रदेश में विधानसभा चुनाव की तैयारियों को लेकर लगातार 3 दिन चली मैराथन बैठकों के बाद देश के मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने संवाददाता सम्मेलन में कहा कि चुनाव के लिए आयोग पूरी तरह तैयार है। उन्होंने बताया कि इस बुजुर्ग और दिव्यांगों को इस सुविधा का लाभ उठाने के लिए फार्म 12 डी भरकर चुनाव की अधिसूचना जारी होने के 5 दिन के भीतर निर्वाचन अधिकारी को देना होगा। आयोग की टीम मतदान के पूर्व घर पहुंचेगी और डाक मतपत्र भरवाकर सीलबंद लिफाफे में जिला निर्वाचन कार्यालय में जमा कराएगी। इस पूरी प्रक्रिया की वीडियोग्राफी होगी। वहीं इस बार कर्मचारियों को घर से डाक मतपत्र के माध्यम से मतदान करने की सुविधा नहीं मिलेगी। उन्हें प्रशिक्षण और चुनाव ड्यूटी पर रवाना होने से पहले मतदान करना होगा। उल्लेखनीय है कि राज्य में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारी के सिलसिले में भारत निर्वाचन आयोग का दल 3 दिवसीय दौरे पर भोपाल में ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### नामांकन के बाद मानेंगे प्रत्याशी

भाजपा द्वारा घोषित 39 प्रत्याशियों द्वारा खर्च की जा रही राशि को निर्वाचन व्यय में जोड़ने के प्रश्न पर कहा कि नामांकन की प्रक्रिया पूरी होने के बाद प्रत्याशी माना जाता है और उस समय पूरी नजर रखी जाएगी।

### विधानसभा चुनाव समय पर होंगे

एक देश–एक चुनाव को लेकर चल रही चर्चाओं और लोकसभा और विधानसभा चुनाव को लेकर हालिया अटकलों से जुड़े सवालों पर मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने कहा कि इस बारे में स्पष्ट प्रावधान हैं। आयोग का काम चुनाव कराना है। उन्होंने कहा कि 5 वर्ष का कार्यकाल पूर्ण होने के पहले चुनाव कराए जाते हैं और उसके अनुसार ही समय पर चुनाव कराए जाएंगे।

### प्रत्याशी के बारे में देनी होगी जानकारी

श्री कुमार ने बताया कि चुनाव में राजनीतिक दल आपराधिक छवि के लोगों को भी मैदान में उतार देते हैं, ऐसे उम्मीदवारों के बारे में मतदाताओं को जानने का हक है, इसीलिए चुनाव आयोग एक नई व्यवस्था कर रहा है, जिसके तहत अगर उम्मीदवार का आपराधिक रिकॉर्ड है तो उसे अपने क्षेत्र में 3 बार प्रमुख समाचार पत्रों में विज्ञापन जारी करना होगा, इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में भी प्रसारित करना होगा, जिसमें उसे यह बताना होगा कि उस पर इस तरह के प्रकरण दर्ज हैं। इसी तरह राजनीतिक दल को भी यह प्रकाशित करना पड़ेगा और बताना होगा कि उनको आपराधिक पृष्ठभूमि का उम्मीदवार ही क्यों चुनना पड़ा, उन्हें बताना पड़ेगा क्या उसे क्षेत्र में कोई दूसरा उम्मीदवार नहीं मिला है और उसने आपराधिक छवि के व्यक्ति को उम्मीदवार क्यों बनाया।

शीर्ष अधिकारियों को दिए निर्देश

### 3 साल से एक ही जगह जमे अधिकारी हटेंगे

**भोपाल, देशबन्धु।** चुनाव आयोग ने मध्यप्रदेश के शीर्ष अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि निष्पक्ष चुनाव के लिए 3 साल से एक ही जगह जमें अधिकारियों कर्मचारियों को हटाया जाए। यह निर्देश कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित बैठक में मुख्य निर्वाचन आयुक्त राजीव कुमार ने मुख्य सचिव इकबाल सिंह बैंस, पुलिस महानिदेशक सुधीर कुमार सक्सेना सहित शासन के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ हुई बैठक में दिए।

ग्वालियर चंबल पर ध्यान दें, कोई गड़बड़ी न होने पाए

इससे पहले श्री कुमार ने पुलिस अधिकारियों से कहा कि चंबल और ग्वालियर अंचल में कानून व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने की आवश्यकता है। उन्होंने आगामी विधानसभा चुनाव में ग्वालियर चंबल क्षेत्र पर विशेष ध्यान दें और यह सुनिश्चित करें कि चुनाव के दौरान कोई गड़बड़ी न होने पाए। अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने अभियान चले और सख्ती हो। संविदा अधिकारी–कर्मचारी को चुनाव ड्यूटी से पूरी तरह दूर रखें। मतदान केंद्रों में ▪ शेष पृष्ठ 5 पर

### असम में मारपीट के आरोप में भाजपा नेता गिरफ्तार

**गुवाहाटी, एजेंसी।** असम के कछार जिले में चोरी के संदेह में 19 वर्षीय किशोर पर हमला करने के आरोप में एक भाजपा नेता को गिरफ्तार किया गया है। जानकारी के अनुसार यह घटना 14 अगस्त को हुई और इसका एक वीडियो सोमवार को सोशल मीडिया पर पोस्ट किया गया। पुलिस के मुताबिक पीड़ित के परिवार ने एफआईआर दर्ज कराई, जिसके बाद आरोपी की गिरफ्तारी की गई। आरोपी मनोज साहू कछार जिले के धोलाई विधानसभा क्षेत्र में एक पंचायत अधिकारी है। 14 अगस्त की दोपहर को साहू ने कथित तौर पर पीड़ित अजय री को एक दुकान के सामने बंधक बना लिया और उसके साथ मारपीट की।




# मणिपुर हिंसा : सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड के सदस्यों दी राहत

- किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर रोक लगाई
- मणिपुर सरकार को नोटिस जारी, जवाब मांगा

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने एडिटर्स गिल्ड ऑफ इंडिया (ईजीआई) के सदस्यों को मणिपुर में हिंसक जातीय झड़पों पर प्रकाशित एक रिपोर्ट के लिए उनके खिलाफ दर्ज दो प्राथमिकियों के मामले में किसी भी दंडात्मक कार्रवाई पर बुधवार को रोक लगा दी।

मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ और न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने उन प्राथमिकियों को रद्द करने की मांग वाली ईजीआई की ओर से दायर याचिका पर मणिपुर सरकार को नोटिस जारी कर जवाब मांगा। शीर्ष अदालत ने ईजीआई की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता श्याम दीवान द्वारा तत्काल उल्लेख किए जाने पर मामले की सुनवाई शुरू की।

श्री दीवान ने पीठ के समक्ष कहा कि सदस्यों पर गिरफ्तारी की तलवार लटकी हुई है। तत्काल सुनवाई कर आवश्यक निर्देश दिया जाए। उन्होंने कहा, अदालत के समक्ष चार रिट याचिकाकर्ता हैं। हम उन में गिरफ्तारी और दंडात्मक कार्रवाईयों से सुरक्षा की मांग कर रहे हैं। श्री दीवान ने कहा कि गिल्ड के चार सदस्यों ने मणिपुर के कुछ लोगों का साक्षात्कार लिया और फिर एक तथ्यान्वेषी रिपोर्ट तैयार की।

तथ्यान्वेषी रिपोर्ट दो सितंबर को जारी की गई। इसके बाद उनके खिलाफ दो प्राथमिकी दर्ज की गईं। गिल्ड ने अपनी रिपोर्ट में राज्य में इंटरनेट प्रतिबंध को मीडिया रिपोर्टों के लिए हानिकारक बताया था। कुछ मीडिया आउटलेट्स द्वारा एकतरफा रिपोर्टिंग की आलोचना की थी और दावा किया था कि ऐसे संकेत थे कि राज्य नेतृत्व 'पक्षपातपूर्ण' हो गया था।



### स्कूल थप्पड़ कांड पर उप्र सरकार से मांगा जवाब

**नई दिल्ली, एजेंसी।** सुप्रीम कोर्ट ने मुजफ्फरनगर जिले के एक निजी स्कूल में एक मुस्लिम नाबालिग छात्र को थप्पड़ मारने के मामले में दर्ज प्राथमिकी पर बुधवार को सुनवाई करते हुए उत्तर प्रदेश सरकार को नोटिस जारी कर स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने का आदेश दिया। न्यायमूर्ति अभय एस ओका और न्यायमूर्ति पंकज मिथल की पीठ ने बुधवार को महात्मा गांधी के परपोते तुषार गांधी की याचिका पर सुनवाई करते हुए राज्य सरकार को नोटिस जारी किया और संबंधित पुलिस अधीक्षक से जांच की स्थिति और रिपोर्ट अदालत में दायर करने का आदेश दिया। शीर्ष अदालत ने इस मामले की अगली सुनवाई के लिए 25 सितंबर की तारीख मुकर्रर की है।

### मणिपुर में मैतेई समुदाय ने किया प्रदर्शन

**इंफाल, एजेंसी।** मणिपुर के बिष्णुपुर जिले में बुधवार को कर्फ्यू के बावजूद हजारों मैतेई प्रदर्शनकारियों ने मार्च निकाला। प्रदर्शनकारियों ने फौगाकचाओ इखाई में टिडिमरोड (इम्फाल–चुराचांदपुर रोड) पर सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स को हटा दिया। इसके बाद क्वाक्टा में पुलिस और प्रदर्शनकारियों के बीच झड़प हुई। भीड़ को कंट्रोल करने के लिए पुलिस ने आंसू गैस के गोले छोड़े और फायरिंग भी की। इसके बावजूद प्रदर्शनकारी बैरिकेड्स की ओर बढ़ते रहे। राज्य सरकार ने पांच जिलों, इंफाल पश्चिम, इम्फाल पूर्व, बिष्णुपुर, थौबल और काकचिंग में मंगलवार शाम 6 बजे से अनिश्चितकाल के लिए कर्फ्यू लगाया है।

सेना की ओर से लगाए गए बैरिकेड्स हटाए

## सार-समाचार

### फसलों को अमृत बनकर गिरी बारिश की बूंदे, झमाझम बारिश से खिले चेहरे गर्मी उमस से मिली निजात



**गौरझामर, देशबन्धु।** गत कई दिनों से बारिश के इंतजार में आसमान में टकटकी लगाए बैठे किसानों को आखिरकार बड़ी राहत मिल ही गई। फसलों को बारिश की बूंदे अमृत बनकर गिरी वही आमजन गर्मी उमस से परेशान थे, क्षेत्र में जोरदार बारिश ने तरबतर कर दिया है, बारिश ना होने से सावन में ऐसी हालत थी तेज धूप में घर से निकलना मुश्किल हो रहा था, ऐसे में जोरदार बारिश से आमजन को बड़ी राहत मिली है, वही विभिन्न मीडिया रिपोर्टों अनुसार मौसम विभाग ने जिला में करीब एक हफ्ते तक जोरदार बारिश की संभावना जताई है। देवरी विधानसभा के लगभग सभी इलाकों में शाम से जोरदार बारिश हो रही है जो खबर लिखे जाने तक जारी है।

### मिठाई एवं किराना दुकानों का किया निरीक्षण



**दमोह, देशबन्धु।** डीओ खाद्य सुरक्षा प्रशासन राकेश अहिरवाल के मार्गदर्शन में खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम 2006 के अंतर्गत खाद्य सुरक्षा अधिकारी माधवी बुधौलिया ने पथरिया नगर में मिठाई एवं किराना दुकानों का औचक निरीक्षण किया। निरीक्षण कार्यवाही में पथरिया नगर में संजय चौराहा स्थित बीकानेर मिष्ठान भंडार से पनीर एवं गढ़ाकोटा रोड स्थित शुभम ट्रेडर्स से चाट मसाला पाउडर एवं मूंगफली दाना के नमूनें जांच हेतु लिए गए। इन खाद्य पदार्थों के नमूनों को गुणवत्ता परीक्षण हेतु राज्य खाद्य परीक्षण प्रयोगशाला भोपाल भेजा गया। जांच रिपोर्ट प्राप्त होने पर नियमानुसार वैधानिक कार्यवाही की जाएगी। मौके पर मैजिक बॉक्स की सहायता से खाद्य पदार्थों की ऑन द स्पॉट जांच की गई।

### आवश्यकता में जियो, आकांक्षा में नहीं: मुनिश्री



**मकरोनिया, देशबन्धु।** साधु बनो या गृहस्थ आवश्यकता में जियो, आकांक्षा में नहीं, जो वस्तु आवश्यक नहीं, उसे छोड़ दो यह बात मुनिश्री सुदत्तसागर ने श्री पारसनाथ दिगंबर जैन मंदिर अंकुर कॉलोनी में धर्म सभा को संबोधित करते हुए कही। क्षुल्लक श्री चंद्र दत्त सागर ने कहा शिक्षा जीवन निर्वाह की कला और गुरु जीवन निर्माण की कला सिखाते हैं। आचार्य ज्ञान सागर पाठशाला अंकुर कॉलोनी के बच्चों ने पाठशाला की शिक्षिकाओं संचालिका माया जैन, सीमा जैन, वर्षा जैन, दीपाली जैन, मधु जैन, मुस्कान जैन, मोनिका, प्रियंका का डायरी पेन आदि गिफ्ट पुरस्कारों से सम्मान किया। मुनि श्री ने सभी को आशीर्वाद देते हुए कहा कि अपने परिवार के साथ धर्म संस्कृति संस्कारों को बढ़ाने में जो शिक्षिकाएं अपना बहुमूल्य समय दे रही हैं वह बहुत ही अनुकरणीय है। हमेशा समाज द्वारा ऐसे पाठशालाओं का विकास होना चाहिए।

### 52 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट किया, 5 भैंसों को जप्तकर गौशाला भेजा



**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के निर्देशानुसार सहायक आयुक्त राजेश सिंह की उपस्थिति में हुई कार्रवाई के तहत 52 भैंसों को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई इसके साथ ही 5 भैंसों को जप्तकर गौशाला भेजा गया कुल 57 पशुओं को शहर से बाहर शिफ्ट करने की कार्रवाई की गई। तिली वार्ड स्थित लीलाधर पटेल की डेयरी के 25 पशु मेनपानी एवं निरपत पटेल के 12 पशु चतुर्भटा, बाघराज वार्ड से उत्तम ठाकुर के 12 पशु सलैया एवं शनिचरी वार्ड से रामकुमार यादव की शेष 3 भैंसों को विस्थापन स्थल रतौना नगर निगम के वाहन द्वारा शिफ्ट किया गया। कार्रवाई के दौरान दल प्रभारी शिवनारायण रैकवार, राजू रैकवार, उमेश चौरसिया सहित दल के सभी कर्मचारी उपस्थित थे।

### दिव्यांगजनों को कृत्रिम अंग उपकरण प्रदान करने निःशुल्क जांच शिविर 8 को

**सागर, देशबन्धु।** भारत सरकार की एडिप योजना अंतर्गत 8 सितंबर को रविंद्र भवन दिव्यांगजनों को निःशुल्क कृत्रिम अंग और सहायक उपकरण प्रदान करने के लिए परीक्षण शिविर का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें चिकित्सकों की टीम द्वारा पात्रता अनुसार दिव्यांगों का चिन्ह्यांकन किया जाएगा। ऐसे समस्त दिव्यांगजन जिन्होंने पिछले तीन वर्षों के दौरान किसी भी स्त्रोत से उपकरण प्राप्त नहीं किये हों, वही इसके लिए पात्र होंगे। शिविर में परीक्षण हेतु आवश्यक दस्तावेज जैसे आधार कार्ड, समग्र आईडी, स्वयं की दो फोटो साथ लाना आवश्यक होगा।

## झमाझम वर्षा के बीच बरसी पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री की अमृतवाणी

# खुरई को नाम दिया अन्नपूर्णा नगरी




**खुरई, देशबन्धु।** बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर पं.धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री की 5 सितंबर को कथा आयोजन हेतु कलशयात्रा के पश्चात ही वर्षा प्रारंभ हो गई। पर्याप्त वर्षा से सूख रही खेती में फिर से रौनक लौट आई और किसानों के चेहरे खिल उठे। कथा आयोजक मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कल ही यह विश्वास प्रकट किया था कि महाराज की कथा प्रारम्भ होते ही वरुण देवता का आशीर्वाद वर्षा के रूप में प्राप्त होगा। मंत्री भूपेंद्र सिंह व सरोज सिंह ने व्यासपीठ पर आसीन बागेश्वर सरकार की आरती की और उनका आशीर्वाद लिया। मंत्री श्री सिंह ने कथा संगत मंडली को दक्षिणा भेंट कर सभी से आशीर्वाद लिया। तत्पश्चात गगन से निरंतर वरुण देव के आशीर्वाद स्वरूप जल की अमृत वर्षा हुई और कथा पंडाल में बागेश्वर सरकार की अमृतवाणी बरसने लगी। पं. धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने कहा कि वे आज अपनी कथा का केंद्र सुंदर काण्ड की एक चौपाई को बना रहे हैं। यह चौपाई उन्हें खुरई आने के पूर्व सागर के बटालियन स्थित पंचमुखी हनुमान जी मंदिर में दर्शन करते हुए स्मरण हो गई थी। इस चौपाई पर उनका प्रवचन खुरई के पुराने हनुमान जी बब्बा को समर्पित है। उन्होंने कहा यह चौपाई है सो सब तव प्रताप रघुराई। नाथ न कछू मोरि प्रभुताई!! चौपाई की व्याख्या समझाते हुए पं धीरेन्द्रकृष्ण शास्त्री ने कहा कि हनुमान जी से सीखिए कि छोटा सा बन कर बड़े बड़े काम किए। और हम लोग हैं कि छोटे से काम करके बड़ा बनना चाहते हैं। हनुमान जी इतना बल, बुद्धि, विवेक, यश प्रताप पाकर भी पूछने पर कहते हैं कि मुझमें कोई शक्ति नहीं यह सब प्रभु श्री राम का प्रताप है। इतनी सरलता हनुमान जी में है जिससे समझ सकते हैं कि भगवान को पाना कठिन नहीं है, सरल है यदि हम सरल हो जाएं तो। हमें अभिमान में नहीं स्वाभिमान में जीना चाहिए। अभिमान में जिए तो पतन हो जाएगा जैसा कि रावण का पतन हो गया। लोग अहम और वहम दो तरह का जीवन जीते हैं। हनुमान जी भगवान से भरे हैं, उन्होंने अपने सिद्धांत भी प्रभु श्री राम को समर्पित कर दिया। उन्होंने कहा कि खुरई सामान्य नगरी नहीं है, यहां का गेहूं संपूर्ण राष्ट्र और विश्व को भोजन कराता है और नगर के नाम से पहचाना जाता है। इस नगरी को मैं अन्नपूर्णा नगरी कहता हूं।

## 9 सितंबर को सागर आयेंगे नर्मदा पथ के महायोगी सर्मथ दादा गुरु



**सागर, देशबन्धु।** पिछले लगभग 3 वर्षो से निराहार रहकर केवल नर्मदा जल पर आश्रित होकर नर्मदा परिक्रमा करने वाले भारतीय योग परंपरा के संत सर्मथ दादा गुरू 9 सितंबर को सागर के सिरोंजा स्थित स्वामी विवेकानंद विवि परिसर में आयोजित नर्मदा चिंतन एक संवाद कार्यक्रम में आयेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए विश्वविधालय के संस्थापक कुलपति अनिल तिवारी ने बताया कि विश्व पर्यावंरण के चिंतक एवं नर्मदा पथ के महायोगी दादा गुरू का सानिध्य सागर में प्राप्त होने जा रहा है उन्होने संत दादा गुरू के विषय में जानकारी देते हुए बताया कि नर्मदा पथ के महायोगी श्री दादा गुरू की सेवा साधना वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज है लगभग ढाई लाख किलो मीटर संपूर्ण भारत वर्ष के अनेक प्रांतो में अखंड निराहार जन जागरण यात्रा कर चुके और आज भी जारी है। दादागुरु 3200 किलो मीटर की पैदल निराहार केवल नर्मदा जल पर नर्मदा सेवा परिक्रमा पूर्ण कर चुके हैं। तीन बार रक्त दान कर चुके ज्ञान विज्ञान के लिए अकल्पनीय अविश्वनीय किंतु सत्य प्रत्यक्ष दादागुरु की अखंड निराहार महाव्रत साधना देश दुनिया के लिए अब एक शोध का विषय बन चुकी है। प्रकृति पर्यावरण नदियों के शुद्धिकरण संरक्षण संवर्धन और जीवंत शक्ति की प्रमाणिक मिशाल बने दादागुरु के नाम अभी तक सात सात वर्ल्ड रिकार्ड दर्ज हो चुके है देश दुनियां के पहले अवधूत संत है जिनका नाम कई बार वर्ल्ड रिकार्ड में दर्ज हो चुका है। सदी की अकल्पनीय यात्रा में निकले दादागुरु ने प्रकृति पर्यावरण नदियो जल मिट्टी के संरक्षण व संवर्धन के लिए 3200 किलो मीटर की पैदल निराहार नर्मदा परिक्रमा की है यह देश दुनिया की पहली ऐसी यात्रा है जिसमें कोई संत प्रकृति पर्यावरण जल मिट्टी के लिए निराहार चल रहे हैं। 35 माह से जारी अखंड निराहार महाव्रत साधना के दौरान प्रतिदिन की दिनचर्या जो आज भी निरंतर जारी है संपूर्ण भारत व नर्मदा तीर्थ क्षेत्र व अन्य प्रांतों में अखंड सत्संग धर्म सभाएं जन जागरण संवाद निस्तर सेवा कार्य कर रहे दादागुरु हमेशा कहते है हमारा भारतीय हिंदू दर्शन प्रकृति नर्मदा गंगा यमुना व पवित्र नदियां धरा यभूमिद्ध पहाड़ों को जीवित प्रत्यक्ष शक्ति के रूप में मानता है तो हमारी भारतीय संवैधानिक व्यवस्था इसे जीवित इकाई क्यों नही मान रही यही उचित समय है जब देश दुनियां भीषण प्रकृतिक आपदाओं का सामना कर रही है तो दूसरी और चारों तरफ अंधाधुंध प्राकृतिक संपदाओं का दोहन शोषण चरम सीमा में हो रहा। आज वक्त है, जिसे हम मां कहते है उस प्रकृति नदियों और धरा को जीवित इकाई को संवैधानिक मान्यता देकर जीवन शक्ति को संरक्षित करें यही शक्ति हमारे जीवन धर्म संस्कृति सभ्यता व्यवस्था का मूल आधार है।

### कृष्ण जन्माष्टमी के अवसर पर दही हांडी प्रतियोगिता को लेकर बैठक हुई

**सागर, देशबन्धु।** विधायक शैलेंद्र जैन द्वारा प्रतिवर्ष अनुसार भव्य मटकी फोड़ दही हांडी प्रतियोगिता 9 सितंबर को तीनबत्ती कटरा पर आयोजित की जाएगी। आयोजन की तैयारीयों को लेकर समिति की बैठक हुई बैठक की अध्यक्षता विधायक शैलेंद्र जैन ने की। बैठक में प्रतियोगिता में होने वाली सभी बिंदुओं पर चर्चा हुई समितियां का गठन किया गया एवं सभी समितियां को अपने-अपने कार्यों से सजक किया गया प्रतियोगिता में पुरस्कार राशि पच्चीस हजार होगी। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमों के लिए कुछ नियम रहेंगे। पहले राउंड में प्रत्येक टीम को 3 मिनट का समय मिलेगा यदि किसी भी टीम का कोई प्रतिभागी नशे की हालत में पाया जाता है तो उस टीम को प्रतियोगिता से बाहर कर दिया जाएगा। निर्णायक मंडल का निर्णय ही सर्वमान्य होगा आखिरी राउंड में टीम के क्रम का चयन लाटरी पद्धति से होगा। विधायक शैलेंद्र ने कहा कि यह कार्यक्रम हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी आयोजन किया जा रहा है यह आयोजन भगवान श्री कृष्ण के प्रकट उत्सव के तत्वाधान में मनाया जाता है। बैठक में वीरेंद्र पाठक, रितेश मिश्रा, मनीष चौबे, नितिन बंटी शर्मा, श्रीकांत जैन, विशाल खटीक आदि उपस्थित थे।

### आज जिला शहर कांग्रेस भारत जोड़ो पदयात्रा निकलेगी

**सागर, देशबन्धु।** कांग्रेस के पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष राहुल गांधी द्वारा पिछले वर्ष 7 सितंबर से ऐतिहासिक भारत जोड़ो पद यात्रा का आरंभ किया गया था, जो कि अब तक की किसी भी राजनेता द्वारा की गई सबसे लंबी पदयात्रा है। जिला शहर कांग्रेस कमेटी के उपाध्यक्ष एवं प्रवक्ता आशीष ज्योतिषी ने जानकारी देते हुए बताया कि 4081 किलोमीटर 12 राज्यों और दो केंद्र शासित प्रदेशों 75 जिलों और 78 लोकसभा क्षेत्र की 138 दिनों की इस यात्रा ने लोगों के मन में अमिट छाप छोड़ी थी। इस यात्रा में लाखों लोग प्रेम और एकता की भावना के साथ जुड़े रहे। इस ऐतिहासिक दिवस की पहली वर्षगांठ पर जिला शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा भारत जोड़ो पदयात्रा आज शाम 4.30 बजे कांग्रेस कार्यालय से आरंभ होकर बाबा साहब भीमराव अंबेडकर की प्रतिमा के समक्ष समाप्त होगी।

## मंत्री भूपेंद्र सिंह ने भगवान लवकुश मंदिर का किया लोकार्पण




**खुरई, देशबन्धु।** मंत्री भूपेंद्र सिंह ने चंद्रशेखर वार्ड में भगवान लवकुश चौराहे के समीप 30 लाख की लागत से निर्मित भगवान श्री लवकुश जानकी मंदिर का लोकार्पण किया। इस अवसर पर मंदिर परिसर में शेड निर्माण, खाली पड़ी भूमि को विकसित करके कुशवाहा समाज के सामुदायिक भवन से जोड़ने, कठैली के मंदिर में स्लैब हेतु 2 लाख रुपए और संत निरंकारी समुदाय के लिए सत्संग भवन के कार्यों को स्वीकृति दी। लोकार्पण समारोह को संबोधित करते हुए मंत्री भूपेंद्र सिंह ने कहा कि लवकुश चौराहे के इस क्षेत्र में लवकुश पार्क, कुशवाहा सामुदायिक भवन के निर्माण के बाद और अब भगवान लवकुश मंदिर का लोकार्पण जब बागेश्वरधाम सरकार का पुण्य कथा आयोजन प्रारंभ हो रहा है। 5 करोड़ की प्राइम लोकेशन की भूमि पर विकसित किया गया कुशवाहा समाज का परिसर एक सुंदर स्थान बन कर तैयार हुआ है। नवीन मंदिर के लिए 2.50 लाख रुपए की भगवान लवकुश की प्रतिमाएं भी आ चुकी हैं जिनका प्राण प्रतिष्ठा अनुष्ठान भव्य रूप में शीघ्र संपन्न होगा। मंत्री श्री सिंह ने कहा कि एक माह से वर्षा नहीं होने से किसानों की फसलें खराब हो रही थीं, कुछ तो खराब हो भी गई हैं। बागेश्वरधाम पीठाधीश्वर की कथा आयोजन की महिमा है कि अच्छी वर्षा की शुरुआत हो गई। कार्यक्रम में कुशवाहा समाज के नागरिक, महिलाएं उपस्थित थीं।

### नोबल स्कूल में शिक्षक दिवस के साथ हुआ शपथ ग्रहण समारोह




**देवरीकलां, देशबन्धु।** स्थानीय नोबल पब्लिक स्कूल में शिक्षक दिवस समारोह पूर्वक मनाया गया। इसके साथ ही विद्यालय की नव निर्वाचित छात्रसंघ का शपथ ग्रहण समारोह भी आयाजित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि सेवानिवृत प्राचार्य बलराम लोधी विशिष्ट अतिथि रवि जैन थे। विद्यालय संचालक द्वय योगेन्द्र सिंह ठाकुर एवं नीलम दीक्षित उपस्थित थे। विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका सेराफिना लिजाय ने अतिथियों का स्वागत पौधे भेंटकर किया। विद्यार्थियों ने अतिथिद्वय सहित विद्यालय के समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं का सम्मान किया। इसके पश्चात विद्यालय में हाल ही में नवनिर्वाचित छात्रसंघ पदाधिकारियों को अतिथियों एवं अभिभावकों ने बैज लगाकर कर्तव्य निर्वहन की जिम्मेदारी सौंपी। इसके पश्चात को.ऑडीनेटर विकास देव ने सभी पदाधिकारियों को शपथ दिलाई। इस अवसर विद्यालय के नोबल बैंड ने अपनी मन मोहक प्रस्तुति दी। कार्यक्रम का संचालन संकल्प जोशी, भविष्य कुर्मी एवं अर्शिका दांगी ने किया।

### 2 माह से लोकार्पण की प्रतीक्षा कर रहा संजीवनी क्लीनिक

**सागर, देशबन्धु।** नए वर्ष की प्रारंभ में महीने के आखिर में एकता कॉलोनी में मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का भूमि पूजन शिलान्यास कार्यक्रम हुआ और 6 माह की रिकॉर्ड अवधि में लगभग प्रतिदिन कम होते हुए 22 लाख की लागत से मुख्यमंत्री संजीवनी क्लिनिक का भव्य भवन जुलाई अंत में तैयार होकर हैंडोवर कर दिया गया तब से यह क्लीनिक और क्षेत्र के लोग इसके शुरू होने की प्रतीक्षा कर रहे हैं। महापौर प्रतिनिधि सुशील तिवारी ने बताया कि नगर निगम का काम भवन तैयार कर स्वास्थ्य विभाग को सौप देने का है इसकी सारी व्यवस्थाएं सीएमएचओ और सिविल सर्जन को करनी है। हम उन्हें इस संबंध में पत्र भी लिख चुके हैं किंतु अभी तक यहां स्टाफ इत्यादि की पद स्थापना नहीं की गई उन्हें पुन: स्मरण पत्र लिखा जा रहा है जिससे चुनाव की आचार संहिता लगने के पूर्व लोगों को इसका लाभ मिलना शुरू हो सके। भवन के रैंप के यहां 12 फुट से अधिक चोडी जगह में पेवर ब्लॉक लगाए गए हैं किंतु बाउंड्री वॉल और फेंसिंग तथा गेट की अभाव में इस स्थान का दुरुपयोग होने लगा है और यहां आवारा जानवर तथा नशेड़ी तत्व जमा होने लगे हैं।

# खरीफ फसलों को नुकसान सहित अन्य समस्याओं को लेकर विधायक ने सौंपा ज्ञापन



**बण्डा, देशबन्धु।** अल्प वृष्टि के कारण खरीफ की फसलों में नुकसान होने एवं विद्युत विभाग द्वारा अघोषित विद्युत कटौती के संबंध में राजपाल के नाम एसडीएम कार्यालय में विधायक तरवर सिंह लोधी के नेतृत्व में ज्ञापन सौंपा गया। जिसमे लेख है की तहसील बण्डा एवं शाहगढ़ में अगस्त माह में वर्षा रूक जाने से खरीफ की फसलें सोयाबीन, उड़द, मूंग, मक्का एवं धान सूख कर पूर्णता नष्ट हो गई है। किसान यदि कुंओं नल कूप, नदी नालों से फसलों में पानी देना चाहते थे लेकिन वर्तमान में विद्युत विभाग द्वारा ग्रामीण क्षेत्र में आघोषित कटौती की जा रही है जिसके कारण किसान सिंचाई भी नहीं कर पाये। किसानों के लिए चारों तरफ से नुकसान हो गया है। किसानों ने कर्ज लेकर खरीफ की फसल की बोबनी की थी लेकिन फसलें सूख जाने के कारण किसान इस समय कर्ज चुकाने की भी स्थिति में नहीं है। वर्ष 2020-21 की शेष बीमा व मुआवजा राशि और वर्ष 2021-22 की रबी एवं खरीफ फसलों की बीमा व मुआवजा राशि मुख्यमंत्री ने देने का वादा किया था, लेकिन आज दिनांक तक प्राप्त नहीं हुई है। वर्तमान में बण्डा नगर में पांच छह दिन के अंतराल से पेयजल की आपूर्ति की जा रही है, जिससे आमजन को परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। इसी तरह ग्रामीण क्षेत्रों में नल जल योजनायें बंद है ग्रामीण क्षेत्र का जनमानस भी पेय जल के लिए परेशान है। बण्डा नगर में तहसील कार्यालय, विश्राम गृह, न्यायालय के सामने से निकलने वाली सड़क लगभग दो माह से अधिक समय से उबड़ खाबड़ स्थिति में है निर्माण कार्य किये जाने के लिए इसको खोदा गया है वर्तमान में निर्माण कार्य पूर्णता बंद है। आवागमन में समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है और प्रतिदिन दुर्घटनायें हो रही है।

वर्तमान में गौवंश में लंपी रोग का प्रकोप चल रहा है जिससे शहरी एवं गामीण क्षेत्र में गौवंश की क्षति हो रही है। ज्ञापन के माध्यम से मांग कि है कि प्रभावित किसानों को हुई क्षति का सर्वे कार्य करवा कर उचित मुआवजा राशि दिये जाने के लिए सक्षम अधिकारियों को एवं विद्युत आपूर्ति और नगर तथा ग्रामीण क्षेत्र की पेयजल व्यवस्था नियमित किये जाने के लिए व गौवंश में फैल रहे लंपी रोग की रोक थाम के लिए संबंधित को निदेर्शित करने का कष्ट करें। उपरोक्त समस्याओं का समाधान यदि सात दिवस के अंदर नहीं किया जाता है तो विकासखण्ड बण्डा एवं शाहगढ़ के आम जन एवं कृषकों के साथ आन्दोलन करने के लिए वाध्य होगें।

## हम लोगों को यहा तक पहुंचाने में आप गुरूजनों का विशेष योगदान : विधायक




**सागर, देशबन्धु।** शिक्षक दिवस के उपलक्ष्य में विधायक प्रदीप लारिया द्वारा विधानसभा क्षेत्र के राष्ट्रपति एवं राज्यपाल पुरूस्कार प्राप्त शिक्षकों सहित शिक्षक, शिक्षिकाओं एवं सेवा निवृत गुरूजनों का सम्मान किया। कार्यक्रम में अतिथि के रूप में शिक्षा विभाग के संयुक्त संचालक मनीष वर्मा, जिला शिक्षा अधिकारी अरविंद जैन, महेन्द्र तिवारी, एसवीएन कॉलेज के कुलपति डॉ. अनिल तिवारी, डॉ. जीएस चौबे, मकरोनिया नपा. अध्यक्ष मिहिलाल अहिरवार उपस्थित रहे। विधायक लारिया सहित अतिथियों ने मंच से ही उपस्थित गुरूजनों की आरती उतारी और उन पर पुष्प वर्षाकर उन्हें प्रणाम किया, कार्यक्रम में उपस्थित समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं का विधायक द्वारा सॉल एवं श्रीफल से सम्मान किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक लारिया ने कहा कि किसी भी व्यक्ति को उच्च पदों पर पहुंचाने में आप गुरूजनों का विशेष योगदान होता है। शिक्षक ही मनुष्य के निर्माण का कार्यकर्ता है, शिक्षा के बिना मनुष्य का जीवन अधूरा है आज प्रसन्नता का कल है कि मुझे आपका सम्मान करने का गौरव प्राप्त हुआ गुरू पूर्णिमा हो या शिक्षक दिवस ऐसे अवसरों पर आपका सम्मान करने से प्रसन्नता प्राप्त होती है। कार्यक्रम का संचालन रचना तिवारी व अंत में सभी का आभार एमडी त्रिपाठी ने किया, कार्यक्रम में शिक्षक शिक्षिकायें, भाजपा कार्यकर्ता एवं महिला मोर्चा कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

## लायंस क्लब का नेत्र परीक्षण शिविर संपन्न



**सागर, देशबन्धु।** लायंस क्लब द्वारा आयोजित एवं श्री सद्गुरु सेवा संघ ट्रस्ट टीम द्वारा नेत्र परीक्षण एवं उपचार शिविर का आयोजन किया गया अंकुर कालोनी स्थित लायंस भवन में सागर एवं ग्रामीण अंचल से आए वृद्ध जनों माताओ बहनों ने अपना नेत्र परीक्षण कराकर शिविर का लाभ लिया वरिष्ठ समाजसेवी एवं लायंस क्लब के गुलजारी लाल ने बताया कि यह शिविर विगत कई वर्षों से प्रत्येक माह के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जाता है जो की पूर्णता नि:शुल्क होता है इस बार शिविर में 212 मरीजों के रजिस्ट्रेशन की गए सभी मरीजों की शुगर एवं ब्लडप्रशर जांच के उपरांत 198 मरीजों नि:शुल्क दवा वितरण कर ऑपरेशन हेतु सतगुरु आनंद ट्रस्ट सेवा संघ लटेरी जिला विदिशा के लिए बसों द्वारा नि:शुल्क रवाना किया गया। अवसर पर वरिष्ठ नेत्र चिकित्सक आश्विन शुक्ला एवं टीम इनचार्ज ढाल सिंह जादोन के साथ केसी कोठारी, नीलम सिंह जादोन, रवि धाकड़ बघेल सहित सभी चिकित्सक टीम ने अपनी सेवाएं दी। लायंस क्लब सागर डायमंड द्वारा सभी का आभार व्यक्त किया गया।

## युवा मतदाता जागरूकता अभियान शुरू



**केसली, देशबन्धु।** शासकीय नवीन महाविद्यालय केसली में युवा मतदाता जागरूकता अभियान की प्रेरक बैठक प्रभारी प्राचार्य प्रो. संतोष मिश्रा की अध्यक्षता जिला निर्वाचन से केसली तहसील के मास्टर टेलर शिक्षक लखन सिंह एवं शिक्षक राजेंद्र सिंह बीएलओ महाविद्यालय नोडल डॉ. अर्चना दुबे ग्रंथपाल, डॉ. साधना अवस्थी के संयोजन में बैठक आयोजित हुई जिसमें स्वीप प्लान की प्रतियोगिताओं में सम्मिलित सभी विद्यार्थियों को विजेता सूची में शामिल किया गया। नए वोटर स्कोर जोड़ने के लिए फॉर्म 6 की जानकारी उपलब्ध कराई गई। प्रजातंत्र और मतदान एवं स्वस्थ जागरूकता जैसी विषयों पर संवाद कार्यक्रम आयोजित हुआ। कार्यक्रम का संचालन डॉ. संजय साहनी किया आभार प्रदर्शन विद्यार्थियों एवं महाविद्यालय शैक्षणिक कार्यालय सहयोगी शामिल हुए। डॉ. किरण ठाकुर, डॉ. आभा जैन, डॉ. रेखा तिवारी, डॉ. रमेश अग्रवाल में विचार मंथन छात्र-छात्राओं की जिज्ञासाओं के समाधान किए गए घर परिवार और समाज में युवाओं की सक्रिय सहयोग की दिशा में प्रेम शांति और सद्भाव का पैगाम दिया गया।

# राशि होने के बाद भी नहीं हो रहे हैं विकास कार्य

- 10 ग्राम पंचायत के खाते में ढाई करोड रुपए जमा
- लापरवाही पर नोटिस जारी
- एई और उपयंत्रियों की भूमिका पर लग रहे सवालिया निशान

*बिजावर, देशबन्धु। बिजावर जनपद पंचायत क्षेत्र की कई ग्राम पंचायते राशि होने के बावजूद भी विकास, निर्माण कार्यों में रुचि नहीं ले रही है। यहां पर 10 पंचायतो के बैंक खातों में करीब ढाई करोड रुपए की राशि है। इसके बावजूद विकास निर्माण कार्य या तो ठप्प पड़े हैं या बेहद धीमी गति से चल रहे हैं । अब इन 10 ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव को कारण बताओं नोटिस जारी किए गए हैं। वहीं विकास निर्माण कार्यों की धीमी गति के लिए बिजावर जनपद पंचायत के तकनीकी अमले पर कई गंभीर आरोप है। इनमें कुछ ही समय पहले बिजावर पदस्थ किए गए एई और एपीओ की कार्य शैली को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं।*

*समीक्षा के दौरान आई गड़बड़ी सामने, राशि भरपूर, काम ठप ..... केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा समय-समय पर ग्राम पंचायतो को विकास कार्यों के लिए अनुदान राशि उपलब्ध कराई जाती है। इसका उपयोग समय सीमा में किया जाना आवश्यक होता है । इन कार्यों की समीक्षा भी की जाना जरूरी होता है। लेकिन ब्लॉक स्तर पर इस मामले में जानबूझकर लापरवाही बरती जाती है। और चहेते सरपंच, सचिवों और रोजगार सहायकों को गड़बड़ी करने के बाद भी संरक्षण दिया जाता है।*

*वहीं जिला स्तर पर भी जनपद पंचायत बार ग्राम पंचायतो की समीक्षा की जाती है । इसी दौरान बिजावर क्षेत्र की 10 ग्राम पंचायतो में संबंधित सरपंचो और सचिवो द्वारा विकास कार्यों में रुचि नहीं लेने की बात सामने आई है।*

*पिछले माह की समीक्षा बैठक के दौरान सामने आया कि ग्राम पंचायत गुलगंज के खाते में 25 लाख 63 हजार 854 रुपए ,ग्राम पंचायत जैतपुर के खाते में 24 लाख 71 हजार 427 रुपए, डारगुवां पंचायत के खाते में 23 लाख 86 हजार 728 रुपए, शाहगढ़ पंचायत के खाते में 23 लाख 86 हजार 527 रुपए, बेरखेरी पंचायत के खाते में 22 लाख 27 हजार 871 रुपए, ग्राम पंचायत बक्सोई के खाते में 20 लाख 29 हजार 468 रुपए, ग्राम पंचायत झरकुवा के बैंक खाते में 20 लाख 9 हजार 651 रुपए, डिलारी ग्राम पंचायत के बैंक खाते में 19 लाख 95 हजार 915 रुपए ,ग्राम पंचायत अनगौर के बैंक खाते में 32 लाख 36 हजार 818 रुपए और रगौली ग्राम पंचायत के खाते में करीब 32 लाख रुपए 23 अगस्त तक जमा हैं।*

*नोटिस जारी, नहीं किया समय सीमा का उल्लेख... ग्राम पंचायत के खातों में राशि होने के बावजूद अपेक्षित विकास निर्माण कार्य नहीं होने के चलते इन 10 ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिवों को कारण बताओ सूचना पत्र बिजावर जनपद पंचायत सीईओ अंजना नगर की ओर से जारी किया गया है। इसमें विकास और निर्माण कार्यों में रुचि नहीं लेने के चलते मध्य प्रदेश पंचायती राज अधिनियम 1993 की धारा 49 का उल्लंघन बताते हुए ग्राम पंचायत की कार्य योजना अनुसार पंचायत क्षेत्र में विकास कार्य करवाकर राशि उपयोगिता प्रमाण पत्र समयावधि में प्रस्तुत करने के निर्देश दिए गए हैं। लेकिन गौरतलब है कि इस नोटिस में कारण बताओं नोटिस का जवाब देने और उपयोगिता प्रमाण पत्र प्रस्तुत करने की कोई समय सीमा निश्चित नहीं की गई है।*

*वही इस मामले में ग्राम पंचायत के सरपंच और सचिव दबी जुबान में अभी तक पूर्ण हुए निर्माण कार्यों के संबंध में एई ओ पी दुबे, उपयंत्रियों और एपीओ की कार्य शैली पर सवालिया निशान लगा रहे हैं।*

*लुहरपुरा पंचायत में खखरी निर्माण में गड़बड़ी के आरोप .... वहीं ग्राम पंचायत लुहरपुरा में कथित रूप से बड़ामलहरा के एक ठेकेदार के जरिए लाखों रुपए की लागत से 3 खखरी निर्माण बिजावर जनपद पंचायत के अधिकारियों द्वारा भागीदारी में कराए जाने के गंभीर आरोप है।*

*सीईओ अंजना नगर ने बताया कि ग्राम पंचायतो को चेतावनी के रूप में पत्र जारी किए गए हैं। कुछ पंचायत में बात हुई है । उनके निर्माण कार्य प्रगति पर है। भुगतान होना शेष है । तकनीकी अमले द्वारा परेशान किए जाने संबंधी शिकायत उनसे नहीं की गई है । फिर भी वह मामले की जांच कर दोषियों के विरुद्ध कार्यवाही प्रस्तावित करेंगी। तो एई ओ पी दुबे ने अपने ऊपर लगाए जा रहे आरोपों को झूठा बताया है।*

## सार समाचार

### प्रेमी जोड़ा समझ कर भाई बहिन की बेरहमी से पिटाई

**छतरपुर, देशबन्धु।** सिविल लाईन थाना इलाके में एक बार फिर गुंडो का आतंक देखने को मिला, दलित भाई बहिन को प्रेमी जोड़ा समझ कर गुंडो ने उनकी सरेआम मारपीट,कर दी। घटना सिविल लाइन थाना इलाके के सटई रोड स्थित एमपीईबी मंदिर के पास की बताई जा रही है। भाई बहन को प्रेमी जोड़े समझ कर मारते रहे, घायल युवक ने बताया कि आरोपी मारने वाले पांच लोग थे वे अपने आप को एक राजनीतिक दल का बता रहे थे। सीएसपी रत्नेश तोमर ने बताया कि दलित युवक अतुल चौधरी व युवती सटई रोड स्थित मंदिर के पास चाट-टिकिया की दुकान पर खड़े थे, आरोपियों द्वारा उनके साथ मारपीट की गई जिस पर से पुलिस ने आरोपियों के खिलाफ मामला दर्ज किया है।

### महादेव अवस्थी बने सीएमओ

**लवकुश नगर, देशबन्धु।** मध्य प्रदेश शासन नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय द्वारा महादेव अवस्थी को लवकुश नगर नगर परिषद का मुख्य नगर पालिका अधिकारी बनाया गया है। भोपाल दिनांक 5 सितंबर 2023 को नगरीय विकास एवं आवास विभाग मंत्रालय द्वारा आदेश जारी करते हुए महादेव अवस्थी को नगर परिषद खरगापुर जिला टीकमगढ़ से प्रशासनिक कार्य सुविधा की दृष्टि से अस्थाई रूप से आगामी आदेश तक तत्काल प्रभाव से स्थानांतरित करते हुए मुख्य नगर पालिका अधिकारी नगर परिषद लवकुश नगर स्थानांतरित किया गया है।

### एड्स के प्रति जन जागरूकता मैराथन 16 सितम्बर को

**छतरपुर, देशबन्धु।** युवाओं के बीच एच.आई.वी. एवं एड्स के प्रति व्यापक जन जागरूकता हेतु छतरपुर में 16 सितम्बर 2023 को प्रात: 06 बजे से सात कि.मी. की मैराथन दौड़ का आयोजन महाराजा छत्रसाल बुन्देलखण्ड विश्वविद्यालय, छतरपुर की कुलपति प्रो. शुभा तिवारी के संरक्षण व कुलसचिव विजय कुमार तिर्की के निर्देशन में एन.एस.एस. प्रकोष्ठ द्वारा किया जा रहा है। राष्ट्रीय सेवा योजना के विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो. बहादुर सिंह परमार ने बताया कि उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार नाको के सहयोग से विश्वविद्यालय द्वारा एड्स जागरूकता हेतु मैराथन दौड़ का आयोजन 16 सितम्बर 2023 को बाबूराम चतुर्वेदी स्टेडियम से प्रात: 6 बजे किया जाएगा। इस दौड़ में कोई भी 17 से 25 वर्ष की आयु का नियमित छात्र भाग ले सकेगा। मैराथन दौड़ में भाग लेने हेतु प्रतिभागी को आयु तथा नियमित अध्यायन संबंधी दस्तावेज के साथ अपने स्वस्थ होने का मेडीकल सर्टिफिकेट भी लाना होगा। प्रतियोगी अपना पंजीयन विश्वविद्यालय के एन.एस.एस. प्रकोष्ठ में कार्यालय समय में उपस्थित होकर दिनांक 14 सितम्बर 2023 तक अनिवार्य रूप से करा लें।

मैराथन में प्रथम स्थान पर आने वाले को सात हजार रुपए, द्वितीय स्थान पर आने वाले को पांच हजार रुपए तथा तृतीय स्थान पर आने वाले को तीन हजार रुपए का नगद पुरस्कार तथा ई प्रमाण पत्र प्रदान किया जाएगा। इन पुरस्कारों के अतिरिक्त सात अन्य प्रतिभागियों को एक-एक हजार रुपए का नगद पुरस्कार भी दिया जाएगा। विश्वविद्यालय समन्वयक प्रो. परमार ने मैराथन हेतु अधिकाधिक पंजीयन कराने का आग्रह किया है।

## कलेक्टर के निर्देशन में अधिकारी कर रहे ग्राम चौपालों को आयोजन

# मतदाताओं पर डरा धमकाकर दबाव बनाने वालों पर होगी कड़ी कार्यवाई



**छतरपुर, देशबन्धु।** कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी संदीप जी.आर. के निर्देशन में जिले के ग्रामों में जिला एवं पुलिस प्रशासन द्वारा संयुक्त रूप से चौपालों का आयोजन किया जा रहा है। जिसमें आगामी विधानसभा चुनावों को शांति पूर्ण एवं निष्पक्ष रूप से सम्पन्न कराने ग्रामीणों से चर्चा कर संवेदनशील मतदान केंद्र एवं वल्नरेबिलिटी की जानकारी ली जा रही है। इसी के मद्देनजर मंगलवार की रात्रि राजनगर के ग्राम टिकौरा एवं बुधवार को चंदला विधानसभा क्षेत्र के ग्राम मनोरिया, बक्स्वाहा अंतर्गत ग्राम चौंरई में जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारियों द्वारा चौपाल का आयोजन किया। साथ ही ग्रामीणों से चर्चा करते हुए किसी वर्ग विशेष पर कोई दबाव तो नही बना रहा और न ही कोई डरा धमका रहा। अधिकारियों ने कहा अगर ऐसी बात सामने आए तो तत्काल प्रशासन को सूचित करें। संबंधित पर कड़ी कार्यवाही की जाएगी। इस दौरान ग्रामवासियों से अपील करते हुए कहा गया की किसी का मतदाता सूची में नाम नही जुड़ा है तो 11 सितंबर तक जुड़वालें एवं ग्राम की 18 साल से अधिक एक भी बहू बेटी का नाम वोटर लिस्ट से न छूटे। नाम जुड़वाने के लिए मतदान केंद्र पर जाकर बीएलओ से संपर्क कर फॉर्म 6 भरें और एपिक कार्ड में संशोधन कराने के लिए फॉर्म नंबर 8 भरें।

# वन विभाग की मिलीभगत से जारी अवैध उत्खनन



**हरपालपुर, देशबन्धु।** अलीपुरा वन परिक्षेत्र में सांठ्गांठ से प्रतिदिन आधा सैकड़ा ट्रेक्टरों से अवैध रेत, मिट्टी का अवैध उत्खनन कर रहे है। माफियों द्वारा अवैध रेंत सप्लाई वन क्षेत्र से की जा रही है। वन परिक्षेत्र अलीपुरा के सरसेड़, में छोटे नालो और पहाड़ो के किनारे तालाब से रेंत का अवैध उत्खनन जमकर हो रहा है। रोजाना लाखो की रेंत का अवैध उत्खनन के साथ परिवहन हो रहा है 7इस अवैध उत्खनन में वन अधिकारीयों की सांठगांठ से इंकार नही किया जा सजता है जवाबदारों की मिली भगत से हो रहे अवैध कारोबार से जहाँ शासन को भरी नुकशान हो रहा है वही माफियो की चंडी काट रही है। वन भूमि से प्रति दिन दो दर्जन से अधिक ट्रैक्टर ट्रॉली रेंत का अवैध उत्खनन कर रहे है।

बीते रोज बीट गार्ड व्ही एन पटेल स्थाईवन कर्मी आनंद सिंह ने सरसेड़ बीट अंतर्गत एक आइसर ट्रैक्टर ट्राली रोकने का प्रयास किया तो ट्रैक्टर चालक ने ट्रैक्टर तेज़ गति से दौड़ा दिया। वनकर्मियो द्वारा ट्रैक्टर का पीछा पर ट्रैक्टर चालक द्वारा रास्ते मे बालू खाली कर भाग गया।

इसके बाद वनकर्मियो द्वारा रेत का प्रकरण दर्ज कर इस सबंध में अपने विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों को सूचना देने के साथ थानां हरपालपुर में शिकायत दर्ज करवाई।

### इनका कहना है

मै व्हीआईपी ड्यूटी में गया था। मेरे पास कोई आवेदन नहीं है। थाना प्रभारी हरपालपुर का मेरे पास वन विभाग की टीम की मदद के लिए फोन आया था। ट्रेक्टर ट्राली वन विभाग की टीम उठा कर ले गई है। वही कार्रवाई करेंगे।

**राम प्रकाश** अहिरवार
ककूनपुरा चौकी प्रभारी

# वैश्य महासम्मेलन की आवश्यक बैठक संपन्न



**लवकुश नगर, देशबन्धु।** लवकुश नगर वैश्य महासम्मेलन तहसील लवकुश नगर की आवश्यक बैठक वैश्य महासम्मेलन के तहसील अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल के घर पर आयोजित की गई बैठक की अध्यक्षता प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य विमल जैन ने की एवं बैठक के मुख्य अतिथि श्री जयनारायण अग्रवाल प्रदेश महामंत्री वैश्य महासम्मेलन के द्वारा की गई बैठक में वैश्य महासम्मेलन के जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता जिला प्रभारी श्री अभिषेक राय मुख्य रूप से उपस्थित थे।

बैठक में जिला अध्यक्ष धर्मेंद्र गुप्ता ने बताया कि वैश्य महासम्मेलन व्यापारी वर्ग के साथ हो रहे शोषण को मिटाने का कार्य कर रहा है साथ ही भारत में हो रहे शोषण कुरीतियों को मिटाने के लिए भी आगे आकर कार्य करने में तत्पर रहता है एवं व्यापारी वर्ग के लोगों के हित में हमेशा तत्पर रह के एक जुट होकर काम कर रहा है बैठक में युवा सदस्यता महिला सदस्यता एवं युवा अध्यक्ष और महिला अध्यक्ष के संबंध में विस्तृत चर्चा की गई बैठक में उपस्थित लवकुश नगर तहसील के सभी सदस्यों ने युवा अध्यक्ष के लिए *प्रद्युम्न गुप्ता* को *तहसील युवा अध्यक्ष* बनाया गया। सभी ने अपने-अपने विचार रखें बैठक में तहसील अध्यक्ष राजेंद्र अग्रवाल जी जागेश्वर प्रसाद गुप्ता जी, महेंद्र गुप्ता जी, केदार गुप्ता जी, अरविंद जैन जी, दिलीप गुप्ता जी, सुरेश पाटकर शेरा भाईजी, बल्देव चौरसिया जी, बिनोद गुप्ता जी एवं प्रद्युम्न गुप्ता के अलावा वैश्य महासम्मेलन के सभी सदस्य उपस्थित थे।

# गोविंदा आला रे गाना पर थिरके नन्हें कदम

**लवकुशनगर, देशबन्धु।** नगर के शिक्षा निजी संस्थान में प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी श्री कृष्ण जन्माष्टमी की शुभ अवसर पर बुधवार की सुबह करीब 10 बजे मटकी फोड़ का कार्यक्रम स्कूल के ही छात्रों के द्वारा किया गया जिसमें दर्जनो छात्रों ने एक ग्रुप बनाकर एक के ऊपर एक चढ़कर मटकी फोड़ी और गोविंदा आला के गाने पर डांस किया द्य साथ ही स्कूल के नन्हे मुन्ने छात्र-छात्राओं के द्वारा भक्तिमय गानों के ऊपर मधुर नृत्य किया गया कृष्ण जन्म उत्सव पर नन्हे मुन्ने बच्चों के द्वारा भगवान कृष्ण की सुंदर झांकियां जिसमें माखन चोरी लीला, पूतना वध लीला इस कार्यक्रम में आकर्षण का केंद्र रही।



इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पत्रकार राघवेंद्र सिंह पत्रकार आशीष अवस्थी पहुंचे जिन्होंने सबसे पहले सरस्वती प्रतिमा पर माल्यार्पण का प्रोग्राम की शुरुआत की इसके बाद स्कूल संचालक वीर सिंह राजपूत के स्कूल की शिक्षिका प्रियंका सिंह के द्वारा आशीष अवस्थी एवम राघवेंद्र सिंह का श्रीफल के द्वारा स्वागत किया गया। स्कूल संचालक वीर सिंह राजपूत ने हमें बताया कि आगामी नवदुर्गा के पावन पर्व पर इसी प्रकार रंग कार्यक्रम होंगे।

# भारत जोडो यात्रा की प्रथम वर्षगांठ कल एक साथ पूरे भारत वर्ष में मनाऐगी कांग्रेस

**छतरपुर, देशबन्धु।** कल दिनाँक 7 सितम्बर को भारत जोडो यात्रा की प्रथम वर्षगाँठ है इस आशय की जानकारी जिला काँग्रेस प्रवक्ता संतोष तिवारी ने देते हुए बताया कि कल ही के दिन दिनाँक 7 सितम्बर को कन्या कुमारी से कश्मीर तक 4081 किलोमीटर की पदयात्रा भारतीय राष्ट्रीय कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष एवं सांसद माननीय राहुल गाँधी जी ने अपनी पदयात्रा प्रारंभ की थी जिसकी प्रथम वर्षगाँठ कल सम्पूर्ण भारत वर्ष में देश के हर गाँव कस्वे जिला स्तर पदयात्रा निकालकर एवं आमसभा कर मनायी जायेगी इसी तारतम्य में कल पदयात्रा स्थानीय रामचरित मानस प्रागंण पुरानी गल्ला मंडी से प्रारंभ होकर गांधी आश्रम तक निकाली जायेगी इसके उपरांत जिला काँग्रेस कार्यालय राजीव भवन के सामने एक आमसभा की जायेगी अतन्जिला काँग्रेस अध्यक्ष श्री लखन लाल पटेल ने सभी पार्टी पदाधिकारियों, महिला कांग्रेस, सेवादल, युवा विग्रेड सेवादल, युवा कांग्रेस, एन एस यू आई, अल्पसंख्यक कांग्रेस, किसान कांग्रेस, पिछड़ा वर्ग कांग्रेस, अनुसूचित जाति कांग्रेस, एवं मोर्चा प्रकोष्ठ, कांग्रेस पक्ष के चुने हुए जनप्रतिनिधियों, वरिष्ठ कांग्रेस जन, सक्यि कार्यकर्ताओं, एवं आम कांग्रेस कार्यकर्ताओं एवं क्षेत्र की जनता जनार्दन से आग्रह किया है कि पदयात्रा में शामिल होकर अपनी सहभागिता सुनिश्चित करें।

# न्यायधीश की पुत्रियों ने एक दूसरे से प्रेरित होकर किया रक्तदान



**छतरपुर, देशबन्धु।** रक्तदान की अनुभूति वो ही समझ सकता है जो इस नेक कार्य के माध्यम से किसी का जीवन बचाना चाहता हो आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने जानकारी देते हुए बताया की आकांक्षा उम्र 28 वर्ष ए डी जे जिला सत्र न्यालय (अतिरिक्त सत्र न्याधीश) छतरपुर अरविंद कुमार जैन की पुत्री है ये जिला अस्पताल के ब्लड बैंक में डा.अरुणेंद्र शुक्ला ब्लड बैंक प्रभारी व आपाजी ब्लड ग्रुप के माध्यम से अपनी बहन कृतिका जैन के साथ रक्तदान करने आई थी बहन कृतिका जो झांसी में रहती है उन्होंने बहन आकांक्षा को रक्तदान करते देखते हुए बहन से प्रेरित होकर रक्तदान किया आकांक्षा का ये तीसरा रक्तदान था उन्होंने कहा की रक्तदान करने मन को बहुत अच्छी अनुभूति होती है और आपके रक्त से किसी की जान बचती है इसीलिए सभी को रक्तदान अवश्य करना चाहिए वहीं कृतिका ने रक्तदान करते हुए बताया की मेने अपनी बहन को रक्तदान करके इतना खुश देखकर रक्तदान करने का निर्णय लिया और में अब नियमित रूप से रक्तदान करने आती रहूंगी क्योंकि रक्तदान महादान है ब्लड बैंक प्रभारी डा. अरुणेंद्र शुक्ला ने कहा ये अच्छी बात है की मातृशक्तियां रक्तदान में अपनी सहभागिता निभा रही है में हमेशा सभी को रक्तदान के लिए उत्साहित करता रहता हूं निश्चय ही कृतिका और आकांक्षा ने अपने न्यायधीश पिता के साथ साथ जैन समाज का गौरव बड़ाया है दोनो बहनों के रक्तदान पर ब्लड बैंक स्टाफ और आपाजी ब्लड ग्रुप के रफत खान ने इस पुनीत कार्य की प्रशंशा की।

# परिषद की बैठक में 135 करोड़ के 99 विकास कार्य स्वीकृत




**छतरपुर, देशबन्धु।** छतरपुर नगर पालिका में हुई चौथी नगर परिषद की बैठक,परिषद की बैठक में लगभग 135 करोड़ के 99 विकास कार्य को सर्व सम्मति से छतरपुर के चारों तरफ के प्रवेश द्वार,सड़क लाइट,बिजली सौंदरीकरण जैसे 99 निकाय क्षेत्र के कार्य शामिल है। कुछ प्रस्तावों पर विचार करने की सहमति बानी।

**अवैध वसूली का मुद्दा गरमाया :** छतरपुर बायपास रोड सहित विभिन्न जगह पर हो रही अवैध वसूली का मुद्दा भी बैठक में गरमाया,इतना ही नहीं नगर पालिका सीएमओ बोली अवैध वसूली करने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कराया जायेगा। ,इस बैठक में नगर पालिका अध्यक्षा ज्योति चौरसिया,उपाध्यक्ष विकेंद्र बाजपेई,सीएमओ माधुरी शर्मा सहित पार्षद मौजूद रहे।

**बैठक के बाहर खड़े रहे पार्षद पति :** नवागत सीएमओ माधुरी शर्मा की चेतावनी का असर बैठक में देखने को मिला।

सीएमओ ने बैठक पूर्व कह दिया था कि सभागार में पार्षद पति की दखल स्वीकार नहीं है। जिससे अपना सा मुंह लिए पार्षद पति सभागार के बाहर खड़े रहे। इस बार की बैठा में सभकर की हर कुर्सी पर पार्षद का नाम चस्पा किया गया था।

# खरीफ की फसल में भारी नुकसान मुआवजे की आस में किसान



**नौगांव, देशबन्धु।** खरीफ की फसल की बुआई बढ़े पैमाने पर किसानों द्वारा की गई थी जिसमे मूगफली उड़द तिली मूग प्रमुख फसले बुंदेलखंड में बोई जाती है समय पर बर्षा हुई इससे किसानों द्वारा बड़ी मात्रा में बुआई की थी खासकर क्षेत्र में मूगफली की बुआई लगभग 70 प्रतिशत क्षेत्र में बोई गई थी जैसे फसले फूल पर आई तो इंद्रदेव द्वारा नाराजगी जाहिर की की गई बढ़े अंतराल में बारिश हुई जैसे तैसे फल लगा फिर इंद्रदेव रुठ गए और अधिकतर फसले बर्वाद हो गयी उड़द मूग तिल की फसलों को भारी नुकसान हुआ वही मूगफली की फसल सबसे ज्यादा नुकसान हुआ देखा गया सरसो की फसल की तरह मूगफली की फसल में माहू का प्रकोप हो गया और पौधे काले पड़ने लगे वही बर्षा में देरी से दाना कमजोर होने की आशंका किसानों को सत्ता रही है 15 हजार रुपये प्रति कुंतल का मूगफली का बीज लेकर किसानों द्वारा बोया गया था अब जाकर बर्षा हुई पर किसानों का कहना है कि जो नुकसान होना था वह हो चुका है। अब तो सरकार से ही आस है कि मुआवजा मिले जल्द सर्वे हो वरना रवि फसल के लिए बीज खाद कहा से लाएंगे बिलहरी निवासी हीरालाल प्रेमचन्द्र, नरेन्द्रसिंह रमेशचन्द्र लक्ष्मी चौबे ने बताया सारी फसले बर्वाद होने से किसान बर्वाद हो गया अब सरकार ही कुछ मदद करेगी तो ही रवि फसल की बुआई हो पाएगी।

सागर, गुरूवार 7 सितम्बर 2023

संस्थापक-संपादक : स्व. मायाराम सुरजन

# जारी रहे भारत का जुड़ाव

राहुल गांधी द्वारा पिछले वर्ष निकाली गई ऐतिहासिक 'भारत जोड़ो यात्रा' का बुधवार को एक साल पूरा हो रहा है। 'नफरत के बाजार में मोहब्बत की दूकान' के नाम पर निकली जिस यात्रा ने भारतीय राजनीति का परिदृश्य बदलकर रख दिया हो उसकी वर्षगांठ जोर-शोर से मनाने की तैयारी कांग्रेस कर चुकी है। उसका हक बनता भी है क्योंकि उपलब्धि बहुत बड़ी है और वह इतनी महत्वपूर्ण है कि उसने न केवल कांग्रेस को पुनर्जीवित कर दिया है वरन लोकतंत्र के अनिवार्य पक्ष यानी प्रतिरोध को जिंदा किया है।

फिर, यह सालाना जलसा ऐसे वक्त में मनाया जा रहा है जब देश दो-तीन महत्वपूर्ण घटनाक्रमों की दहलीज पर खड़ा है। एक तो है इसी 9 व 10 को राजधानी दिल्ली में होने जा रहा जी-20 का सम्मेलन। दूसरा है 18 से 22 तक होने जा रहा संसद का विशेष सत्र जिसके बारे में कोई नहीं जानता कि इसका प्रयोजन क्या है। तीसरा, इसी साल होने जा रहे पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव; तथा चौथे, भारत जोड़ो यात्रा का दूसरा चरण जो अबकी पश्चिम से पूर्व की ओर बढ़ेगी। जिस यात्रा की वार्षिकी है वह दक्षिण भारत के कन्याकुमारी से चलकर श्रीनगर के लाल चौक पर राहुल द्वारा झंडा फहराने के साथ समाप्त हुई थी। इसके लिए राहुल गर्मी, उमस, बरसातों और ठंड का मुकाबला करते हुए करीब 4 हजार किलोमीटर चले थे। उनके साथ करोड़ों चले थे, कांग्रेस चली थी और पूरा भारत चला था। प्रेम का संदेश फैलाने के मकसद से निकली यह यात्रा कामयाब कही जा सकती है क्योंकि इसने लोगों को वाकई जोड़ा है। घृणा के रास्ते पर चल पड़े देश का एक बड़ा वर्ग और समूह महसूस कर रहा है कि भारत अपने मार्ग से भटक चला था। यह भटकाव भारतीय जनता पार्टी की देन कही जा सकती है। देश के अंदर विभिन्न वर्गों, समुदायों और समूहों के बीच ऐसा विखंडन और विभाजन कभी भी देखने को नहीं मिला जैसा कि आज है। समावेशी समाज के बदले बहुसंख्यकवादी समाज रचने के पीछे का राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का षड्यंत्र इस यात्रा के पूरा होते-होते ठीक-ठाक उजागर हो गया। यह इस यात्रा की बड़ी नेमत रही कि राष्ट्रवाद और हिंदुत्व के पक्ष में बनाया गया पूंजीवाद और कार्पोरेट इंडिया का खेल लोगों के सामने साफ उजागर हो गया।

जब यात्रा प्रारम्भ हुई थी तब राहुल का विचार बोलने का नहीं, लोगों को सुनने का था, परन्तु मुद्दे इतने थे कि धीरे-धीरे राहुल ने बगैर भयभीत हुए उन तमाम विषयों पर और सारी शक्तियों के खिलाफ बोलना शुरू किया जिनके बारे में भारत के ज्यादातर नेता, सियासी दल, संगठन बोलने से डरते हैं। इस खौफ के कई कारण हैं। मसलन, इन तत्वों के खिलाफ बोलना देश के विरूद्ध होना बतला दिया गया है। फिर भी जो बोले, उन्हें जेलों का रास्ता दिखाया गया है। ऐसे लोगों के पीछे केन्द्रीय जांच एजेंसियां लगा दी गईं। प्रतिपक्ष की आवाज पहले मद्धम फिर अंतत: गुल हो गई। भारत को कांग्रेस मुक्त और फिर विपक्ष विहीन बनाने की प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की बात लोगों को अच्छी लगने लगी थी। विधायकों को खरीदकर विपक्षी सरकारों को गिराना और भाजपा की सरकारें बनाने को 'ऑपरेशन लोटस' जैसा आकर्षक परन्तु निहायत अलोकतांत्रिक नाम लोगों को भाया। 2014 से जिस मोदी की छवि सतत चमकती रही और लोगों को उनके बुरे से बुरे काम भी मास्टर स्ट्रोक लगते रहे, उसका रंग राहुल ने अपने बेखौफ अंदाज से उतारकर रख दिया। स्वयं राहुल की छवि एक असफल व पार्ट टाइम नेता से बदलकर एक बेहद संजीदा, फौलादी इरादे रखने वाले तथा कुशाग्र नेता के रूप में उभरी और लोगों ने स्वीकार किया कि उन्होंने राहुल को पहचानने में भूल की।

वैसे यह भी जानना होगा कि इतना बड़ा पैदल मार्च छवियों के बनने-बिगड़ने तक सीमित नहीं था। वह घृणा बनाम प्रेम और तोड़ने व जोड़ने के बीच का संघर्ष था। इन दो मानवीय भावों की बुनियाद में जो दो विचारधाराएं टकरा रही थीं, यह उसकी लड़ाई थी। एक तरफ राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ की विभाजनकारी व बहुलतावादी विचारधारा है जिसका प्रतिनिधित्व भारतीय जनता पार्टी तथा मोदी करते हैं तो उसका प्रतिकार कांग्रेस करती है जिसके नुमाइंदे राहुल हैं। यह महात्मा गांधी, जवाहर लाल नेहरू, बीआर अंबेडकर सम्प्रति महान मानवतावादियों द्वारा निर्मित दर्शन है जिसने आज का देश गढ़ा है, एक ऐसा हिन्दुस्तान जो संविधान के मार्ग पर चलता हुआ आया है। उसका विश्वास किसी एक वर्ग या वर्ण की श्रेष्ठता या आधिपत्य में नहीं है, जो समस्त संसाधनों व अवसरों के समान वितरण में यकीन करता है तथा वह कुछ लोगों का नहीं बल्कि सभी का सशक्तिकरण करना चाहता है। समतामूलक व न्यायपूर्ण समाज उसका लक्ष्य है तथा उसके लिए धर्मनिरपेक्षता व बन्धुत्व राज्य के अनिवार्य तत्व हैं।

यात्रा का यही सबसे बड़ा प्रदेय है कि समाज को उसकी खोई हुई राह मिल गई है। 'इंडिया' नामक विपक्षी गठबन्धन का कांग्रेस नेतृत्व करता है। यही मोदी व भाजपा की तकलीफों का सबब है। मोदी के 9 वर्षों में भारत में लोकतंत्र को जो पलीता लगा है, लोगों के बुनियादी हक जो मारे गये और देश की जो बड़ी बदहाली हुई है उसके कारण मोदी की छवि राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मंच पर दरकी है। पांच राज्यों सहित आगामी लोकसभा चुनाव (2024) में भाजपा की बड़ी पराजय का खतरा मंडरा रहा है। आर्थिक संकटों के बाद भी जी-20 के खर्चीले आयोजन से मोदी की छवि के पुनर्निर्माण की कोशिश तथा विशेष सत्र बुलाकर कोई बड़ा दांव खेलने की तैयारी भाजपा कर रही है। मोदी-भाजपा को बैकफुट पर लाना भारत जोड़ो यात्रा का ही असर है।

# ये बनाम वो, हासिल आया शून्य

**दुनियादारी**

■ सर्वमित्रा सुरजन

गैरजरूरी मुद्दों के अंधेरे कुएं में एक बार फिर देश को धकेलने का काम सत्तारूढ़ भाजपा ने किया है। इस बार भारत बनाम इंडिया का मुद्दा खड़ा किया गया है। संविधान के आर्टिकल एक में इंडिया यानी भारत लिखा हुआ है। जिसका मतलब यही है कि इंडिया और भारत एक ही देश के दो नाम हैं, दोनों समानार्थी हैं, दोनों में कोई अंतर या भेद नहीं है। लेकिन भारत को मध्ययुग की मानसिक गुलामी में जकड़ने की कोशिश कर रहे लोगों को बिना भेदभाव की बातें कहां समझ आती हैं। उनके लिए तो सियासत का असल मकसद ही भेदभाव को बढ़ावा देना है, ताकि सत्ता हासिल हो सके। अंग्रेजों से फूट डालो और राज करो का यह गुर ऐसे लोगों ने बहुत अच्छे से सीखा है। खेद की बात ये है कि ऐसे लोगों को देश की 33 प्रतिशत जनता ने अपना मत दिया और अब उन्हें लगता है कि देश के भाग्यविधाता केवल वही हैं। देश में भाषायी, धार्मिक, सांस्कृतिक, सामाजिक अंतर होने के बावजूद हिंदू, मुस्लिम, सिख, ईसाई, पारसी, बौद्ध, जैन सब भाई-भाई ही कहलाते आए हैं, मगर अब इस भाईचारे में सियासत की सेंधमारी हो चुकी है। भेदभाव का यह दायरा एक ही राज्य के बीच दो समुदायों में खड़ा हो चुका है। इसी वजह से मणिपुर पांच महीनों से सुलग रहा है। गृहयुद्ध जैसे हालात वहां बन गए हैं, लेकिन मुख्यमंत्री को हटाने या राष्ट्रपति शासन लागू करने की जगह उन संपादकों, पत्रकारों पर एफआईआर दर्ज हो रही है, जो मणिपुर की सच्चाई जानने की कोशिश कर रहे हैं। देश में एक के बनाम दूसरे को खड़ा करने का कितना घातक असर हो चुका है, ये अभी देश के लोगों को समझ नहीं आ रहा है। जब अमृतकाल का खुमार उतरेगा, तब पता चलेगा कि जिसे अमृत समझ कर हर-हर, घर-घर के नारे लगा रहे थे, वो असल में विष जैसा असर कर रहा है। अब तक देश को बदलने की सनक राष्ट्रवाद की खाल ओढ़ाकर पेश की जा रही थी। अब देश का नाम ही बदला जा रहा है और जो इसके विरोध में कुछ बोल रहा है, उसे देशविरोधी कहा जा रहा है। एक और एक ग्यारह होते हैं, लेकिन यहां एक बनाम एक करके सब कुछ शून्य किया जा रहा है। हिंदुत्व बनाम इस्लाम, हिंदी बनाम अन्य भारतीय भाषाएं, उत्तर भारत बनाम दक्षिण भारत, सनातन बनाम द्रविड़, श्मशान बनाम कब्रिस्तान, जय श्रीराम बनाम अल्लाह हू अकबर, कुकी बनाम मैतेई, गांधी बनाम भगत सिंह, नेहरू बनाम पटेल, शाकाहार बनाम मांसाहार, और अब इंडिया बनाम भारत। लगता है सहअस्तित्व की सारी विरासत को ध्वस्त करने का प्रण भाजपा ने ले लिया है।

हिंदुस्तान का इतिहास इस बात का गवाह है कि यहां बाहर से बहुत लोग आए, और सब दूध में मिसरी की तरह घुल-मिल गए। इस सुंदर देश की तुलना महासागर से अकारण नहीं की जाती है। जैसे सागर में सारी नदियां आकर एक हो जाती हैं, प्रकृति के इसी सुंदर सिद्धांत को हिंदुस्तान ने सच करके दिखाया। बड़ी-बड़ी सभ्यताएं नष्ट हो गई, मगर हिंदुस्तान बचा रहा। गुलाम हुआ, विभाजन का शिकार हुआ, लेकिन फिर भी बचा रहा, क्योंकि अनेकता में एकता की प्राणवायु को हमारे पुरखों ने कभी खत्म नहीं होने दिया। आज उसी प्राणवायु को बाधित किया जा रहा है और दावा है कि ये सब देशप्रेम के नाम पर हो रहा है। क्या जिससे हम प्यार करते हैं, कभी उसके जीवनस्रोत को बंद कर सकते हैं। लेकिन अभी वही हो रहा है। हमारे देश की सभ्यता और संस्कृति नदी की भांति अविरल बहती रहे, तभी बच पाएगी, राष्ट्रवाद का बांध उसे गंदले तालाब जैसा बना देगा। इस वक्त इसी बांध में भारत की सदानीरा विरासत को रोका जा रहा है वो भी इसलिए ताकि सत्ता मिल सके। भाजपा को विचार करना चाहिए कि वह किस तरह के पानी में अपना कमल खिलाना चाहती है। सत्ता तो उसे 1996 में भी हासिल हुई थी, और 2014 में भी, अगर जनता की मर्जी हुई तो 2024 में भी भाजपा को सत्ता पर बिठाएगी और नहीं हुई तो हटा देगी। लोकतंत्र के इस चलन को ऐसे ही चलते रहना चाहिए। मगर अभी श्री मोदी को इंडियन नेशनल डेवलपमेंटल इंक्लूसिव अलायंस, जिसे संक्षिप्त में इंडिया कहा गया, उससे शायद खौफ हो रहा है। इसलिए उन्होंने पहले इंडिया को इंडियन मुजाहिदीन जैसे आतंकी संगठन से जोड़ा, फिर परिवारवाद क्विट इंडिया जैसे नारे लगाए और अब इंडिया शब्द को औपचारिक पत्रों से हटाने की खबरें सामने आई हैं।

राष्ट्रपति भवन से जी-20 सम्मेलन के मौके पर 9 सितंबर को एक औपचारिक रात्रिभोज का आयोजन किया गया है। इसके निमंत्रण पत्र पर प्रेसिडेंट ऑफ इंडिया नहीं प्रेसिडेंट ऑफ भारत लिखा गया है। इसी तरह आसियान सम्मेलन के लिए जारी बुकलेट में प्रधानमंत्री मोदी को इंडिया की बजाय भारत के प्रधानमंत्री लिखा गया है। जबकि विदेशों में देश की पहचान भारत से अधिक इंडिया के रूप में होती है। अब कहा जा रहा है कि संसद के विशेष सत्र में इंडिया नाम हटाने का विधेयक पेश किया जाएगा। संघ प्रमुख मोहन भागवत ने पिछले दिनों इंडिया की जगह भारत बोलने का आह्वान किया। फिर भाजपा सांसद हरनाथ सिंह यादव ने संविधान में संशोधन कर इंडिया की जगह भारत शब्द करने की मांग की है। श्री यादव का कहना है कि इंडिया को अंग्रेज गाली की तरह इस्तेमाल करते थे। उनसे पहले भाजपा के राज्यसभा सदस्य नरेश बंसल ने इंडिया शब्द को हटाकर भारत शब्द के इस्तेमाल की मांग की थी। उनका कहना था कि इंडिया शब्द औपनिवेशिक दासता का प्रतीक है।

अगर भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है। वर्ल्ड हिस्ट्री वेबसाइट के मुताबिक 300 ईसा पूर्व पहली बार यूनान के राजदूत मेगस्थनीज ने सिंधु नदी के पार के इलाके के लिए इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। अंग्रेजों के लिए भी इंडिया बोलना आसान था, क्योंकि अंग्रेजी में भ का उच्चारण नहीं है। लेकिन भाजपा इसे सांस्कृतिक राष्ट्रवाद, उपनिवेशवाद और देशप्रेम से जोड़कर देश की डिक्शनरी से हटाने की कवायद में लगी है और इसके लिए जो भी तर्क दिए जा रहे हैं, उन्हें केवल कुतर्कों की श्रेणी में ही रखा जा सकता है। भाजपा के इस खेल में अमिताभ बच्चन और वीरेन्द्र सहवाग जैसे कुछ नामी लोग भी शामिल हो चुके हैं, ताकि जनता को भरमाने में आसानी हो। मगर जनता को याद रखना चाहिए कि उसका जीवन संविधान के कारण ही आसान बना रहेगा, देश का नाम बदलने से नहीं। और भाजपा के लोग बार-बार संविधान बदलने के इरादे जतला रहे हैं।

15 अगस्त को पीएम मोदी की आर्थिक सलाहकार परिषद के अध्यक्ष बिबेक देबरॉय ने 'देयर इज़ ए केस फॉर वी द पीपल टू इंब्रेस अ न्यू कॉन्स्टिट्यूशन' शीर्षक के लेख में ये सलाह व्यक्त कर दी कि अब संविधान को बदल देना चाहिए। इससे पहले 2017 में, मोदी सरकार के केंद्रीय राज्य मंत्री अनंत हेगड़े, ने कहा था कि भाजपा 'संविधान बदलने' के लिए सत्ता में आई है और 'निकट भविष्य' में ऐसा किया जाएगा। और अब ऐसा लग रहा है कि इस दिशा में कई कदम उठाए जा चुके हैं। देश का नाम केवल भारत तक सीमित करने में भाजपा बहुमत के कारण सफल भी हो जाए, तो भी इसका कुछ अच्छा संदेश दुनिया में नहीं जाएगा। अब तक शहरों, सड़कों, स्टेशनों का नाम भाजपा ने बदला, अब उसे इंडिया शब्द से राजनैतिक उलझन हो रही है, तो देश का नाम बदलने चली है। लेकिन इससे हासिल क्या होगा, ये विचार 9 सालों से सत्ता में बैठे लोगों को करना चाहिए।

> **भाजपा के लोग ईमानदारी से इतिहास पढ़ें तो उन्हें पता चलेगा कि इंडिया शब्द अंग्रेजों की देन नहीं है। यूनान के इतिहासकार हेरोटोस ने 440 ईसा पूर्व इंडिया शब्द का इस्तेमाल किया था। उन्होंने तुर्की और ईरान से इंडिया की तुलना करते हुए कहा था कि इंडिया स्वर्ग जैसा है। जहां की मिट्टी उपजाऊ है और जिस क्षेत्र में काफी ज्यादा आबादी रहती है।**

# इंडिया गठबंधन को सफलतापूर्वक करनी होगी सीटों की साझेदारी

■ कल्याणी शंकर

नवगठित विपक्षी गठबंधन इंडिया ने मुंबई में एक ठोस गठबंधन को मजबूत करने की दिशा में पिछले सप्ताह एक सकारात्मक कदम उठाया। यह निर्णय उनकी तीसरी बैठक के दौरान लिया गया। पहली दो बैठकें पटना और बेंगलुरु में हुई थीं। गठबंधन का लक्ष्य लक्ष्य 1977 या 2004 के परिदृश्य को दोहराना है जब कमजोर विपक्ष ने सत्तारूढ़ सरकार के खिलाफ जीत हासिल की थी।

मुंबई में गुरुवार और शुक्रवार को दो दिवसीय बैठक के लिए 28 राजनीतिक दलों के प्रतिनिधि एकत्र हुए। 63 उपस्थित लोगों ने साझा अभियान रणनीति और एनडीए का मुकाबला करने के तरीकों पर चर्चा की। बैठक के बाद, गठबंधन ने घोषणा की कि वे अपनी 'सर्वोत्तम क्षमता के साथ मिलकर' चुनाव में भाग लेंगे। वे 'समझौते की सहयोगी भावना' का उपयोग करते हुए, तुरंत राज्य सीट-बंटवारे की व्यवस्था का आयोजन शुरू कर देंगे। इसके अतिरिक्त, उनका लक्ष्य जल्द से जल्द देश भर में सार्वजनिक रैलियां आयोजित करना है। 13 सदस्यीय समन्वय भी स्थापित किया गया।

फिर भी विपक्षी नेताओं को अहसास है कि आंतरिक और बाहरी दोनों तरह की कई बाधाओं से पार पाना बाकी है। गठबंधन को क्षेत्रीय दलों के साथ सीट बंटवारे पर बातचीत करने में चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। इंडिया टीम को गठबंधन सहयोगियों के बीच अंतर्निहित विरोधाभासों पर काबू पाने की कठिन चुनौती का भी सामना करना पड़ रहा है। उन्हें निर्बाध सीट आबंटन के लिए लेन-देन की नीति पर सहमत होना होगा और जमीनी स्तर पर सहयोग करना होगा।

कांग्रेस नेता राहुल गांधी ने इसे स्वीकार किया। उदाहरण के लिए, दिल्ली और पंजाब में कांग्रेस और आप राजनीतिक प्रतिद्वंद्वी हैं, जबकि तृणमूल कांग्रेस, वामपंथी दल और कांग्रेस की पश्चिम बंगाल में अपनी-अपनी राजनीतिक स्थिति है। केरल में वामपंथी और कांग्रेस की भी बड़ी हिस्सेदारी है। ममता बनर्जी ने 2 अक्टूबर तक इंडिया गठबंधन का घोषणापत्र जारी करने का सुझाव दिया, जबकि अरविंद केजरीवाल ने अगले महीने के अंत तक लोकसभा चुनाव के लिए सीट-बंटवारे को अंतिम रूप देने का प्रस्ताव रखा।

मुख्य बात अपने कार्यकर्ताओं का मनोबल बढ़ाना है, जो भाजपा के नौ साल के कार्यकाल से प्रभावित हुआ है। कई लोग अगले पांच साल तक राजनीतिक जंगल में रहने को तैयार नहीं हैं। इसलिए, सबसे उपयुक्त उम्मीदवार चुनना और विशिष्ट सीटों पर आम सहमति बनाना महत्वपूर्ण है। लेन-देन की नीति इस संबंध में मदद कर सकती है। अपने उम्मीदवार की जीत और जमीनी स्तर के कार्यकर्ताओं सहित उनके समूह के सभी लोगों की प्रतिबद्धता सुनिश्चित करना भी महत्वपूर्ण है। ये कार्यकर्ता इस बात को लेकर असमंजस में हैं कि जिस पार्टी के खिलाफ वे कल तक लड़ते रहे हैं, उसका समर्थन कैसे करें।

अन्य मुद्दे भी हैं जिन पर निर्णय होना बाकी है। गठबंधन को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को चुनौती देने और एक नयी कहानी विकसित करने के लिए एक व्यवहार्य उम्मीदवार की पहचान करनी चाहिए। संयोजक या प्रधानमंत्री पद के चेहरे पर अभी तक सहमति नहीं बन पाई है। इन सभी में, कांग्रेस ही इंडिया ब्लाक में सच्चे अर्थों में मुख्य अखिल-राष्ट्रीय पार्टी बनी हुई है।

पिछले दशक में ताकत में गिरावट का अनुभव करने के बावजूद, कांग्रेस पार्टी राष्ट्रव्यापी अपील वाली एकमात्र राजनीतिक इकाई है। 2019 के आम चुनाव में कांग्रेस ने 52 सीटें जीतीं और 209 सीटों पर दूसरे स्थान पर रही। उन्हें 12 करोड़ से अधिक वोट मिले, जबकि संयुक्त विपक्षी गुट को कम वोट मिले। उनकी किस्मत में कोई भी बदलाव देश की राजनीति पर काफी असर डाल सकता है।

कांग्रेस और भाजपा लोकसभा की एक तिहाई सीटों पर सीधी टक्कर में हैं। कांग्रेस पार्टी अभी भी पंजाब, असम, कर्नाटक, केरल, हरियाणा, महाराष्ट्र, झारखंड, गोवा, मणिपुर, मेघालय, मिजोरम और नागालैंड में महत्वपूर्ण प्रभाव रखती है, जहां कुल मिलाकर 155 लोकसभा सीटें हैं।

एक महत्वपूर्ण चिंता यह है कि अगला चुनाव कब होगा। भाजपा को अपने पिछले अनुभव के कारण समय से पहले आम चुनाव कराने में झिझक हो सकती है। 2004 में भाजपा जीतने की उम्मीद कर रही थी, लेकिन कांग्रेस के नेतृत्व वाली यूपीए ने आश्चर्यजनक रूप से उन्हें हरा दिया। भाजपा की हिंदी पट्टी में मजबूत उपस्थिति है, लेकिन दक्षिण में अभी भी पर्याप्त प्रगति नहीं हुई है, जहां 129 सीटों पर कब्जा करना बाकी है।

हालांकि, कुछ विपक्षी मुख्यमंत्री, जैसे नीतीश कुमार, ममता बनर्जी, एमके स्टालिन और अरविंद केजरीवाल का अनुमान है कि 2024 के लोकसभा चुनाव जल्द हो सकते हैं। यह मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, राजस्थान, मिजोरम और तेलंगाना में आगामी विधानसभा चुनावों के साथ मेल खा सकता है। इसके अतिरिक्त भाजपा ने 'एक राष्ट्र एक चुनाव' की वकालत की है।

लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।

मोदी का लक्ष्य विपक्ष की अराजकता का फायदा उठाकर तीसरा कार्यकाल जीतना है। भाजपा ने हर संभावित स्थिति के लिए पूरी तैयारी की है। इसने करीब सभी 543 संसदीय क्षेत्रों में 100,000 बूथों को कवर करने के लिए 40,000 बूथ कार्यकर्ताओं को जुटाया है।

सत्तारूढ़ भाजपा अपनी योजनाओं को गुप्त रखती है और अपनी ताकत बरकरार रखते हुए विपक्ष के प्रभाव को कम करना चाहती है। इसमें बीजेडी, वाईएसआरसीपी, और बीआरएस जैसी पार्टियों के साथ तटस्थता शामिल है। पार्टी नेतृत्व का अंतिम उद्देश्य भाजपा के लिए अधिक धन प्राप्त करते हुए धन को विरोधी पक्ष में जाने से रोकना है।

अगले कुछ महीनों में दोनों खेमों में उग्र गतिविधियां देखने को मिलेंगी। मोदी की लोकप्रियता, भाजपा के वित्तीय संसाधन और मजबूत संगठन अभी भी सत्तारूढ़ पार्टी को बढ़त दिला सकते हैं। मध्य प्रदेश, राजस्थान, छत्तीसगढ़, तेलंगाना और मिजोरम में विधानसभा चुनाव आने वाले समय की झलकी हो सकते हैं।

> **लोकसभा चुनाव समय से पहले होंगे या नहीं, इस पर अभी कोई पक्की खबर नहीं है। न ही भाजपा और न ही चुनाव आयोग ने कोई संकेत दिया है। अंतिम निर्णय प्रधानमंत्री मोदी पर निर्भर है, जो अप्रत्याशित विकल्प चुनने के लिए जाने जाते हैं। भाजपा मोदी को अपना भाग्यशाली शुभंकर मानती है। पार्टी दस राज्यों में शासन कर रही है, और चार राज्यों में एनडीए के नेतृत्व वाले गठबंधन के साथ शासन में है। लोकसभा में 55 फीसदी से अधिक सीटों उसके पास है।**

## पावन प्रसंग

# उपवास से रोग प्रतिरोधक क्षमता बढ़ाएं

उपवास करने की परंपरा भारतीय संस्कृति में अति प्राचीनकाल से ही चली आ रही है। विभिन्न मानसिकता वाले लोगों के लिए भिन्न-भिन्न दिनों किसी न किसी देवी-देवता के बहाने उपवास करने का विधान शास्त्रों में जोड़ा गया है। गुरुवार एवं रविवार के उपवास पर विशेष बल दिया गया है और यह स्पष्ट किया किया गया है कि व्यक्ति को कम से कम सप्ताह में एक बार तो उपवास करना ही चाहिए। लगभग सभी भारतीय धर्मों में उपवास की महत्ता को स्वीकार किया गया है। मुसलमानों में रोजा इसी का परिचायक है। भारतीय साधना पद्धति में चंद्रायण साधना को इसीलिए महत्व दिया गया है। शारीरिक, मानसिक एवं आध्यात्मिक उन्नति के लिए, गंदगी की सफाई के लिए उपवास का अपना अलग महत्व है। अधिकांश लोगों का उपवास करने का कारण धार्मिक होता है। कुछ लोग चिकित्सकीय सलाह या अन्य कारणों से उपवास करते हैं। भोजन प्राणिमात्र के अस्तित्व के लिए आवश्यक है, इसलिए उपवास प्रकृति के विपरीत प्रतीत होते हैं, परंतु वास्तव में ऐसा नहीं है। उपवास से कई फायदे हैं। मानव शरीर पर उपवास का प्रभाव सकारात्मक होता है या नकारात्मक यह जानने का प्रयास वैज्ञानिक समय-समय पर करते रहते हैं।

उपवास का शाब्दिक अर्थ भोजन का पूर्ण रूप या आंशिक रूप से त्याग है। समाज में उपवास का भिन्न-भिन्न लोगों द्वारा भिन्न-भिन्न अर्थ लगाया जाता है। कुछ लोग उपवास में जल भी ग्रहण नहीं करते (जैसे निर्जला एकादशी के दिन, भादो मास के तीज के दिन) तो कुछ लोग परंपरागत अनाज छोड़कर फलादि खाते हैं। कुछ लोग एक समय भोजन करने को ही उपवास मानते हैं किंतु वैज्ञानिक दृष्टि से जल के अतिरिक्त कुछ भी ग्रहण नहीं करना उपवास की श्रेणी में आता है। पतंजलि के योग सिद्धांतों में भी उपवास की महत्ता को स्वीकारा गया है। बापूजी का लंबा व्रत सुप्रसिद्ध है। विनोबा भावे भी उपवास किया करते थे। नवरात्रि के दिनों में ऋतु-परिवर्तन के कारण उपवास एवं अनुष्ठान को हर मनुष्य के लिए अनिवार्य बताया गया है। जो भोजन हम मुंह द्वारा अंदर लेते हैं, वह सीधे हमारे शरीर का भाग नहीं बन जाता। शरीर में मुंह से लेकर मलद्वार तक एक लंबी नली पाई जाती है। मुंह से भोजन इस नली में प्रवेश करता है जब भोजन आहार नाल में धीरे-धीरे आगे बढ़ता है पाचक रसों के प्रभाव से भोजन के प्रमुख अंश विलय अवस्था में आ जाते हैं। जब भोजन आहार नाल के छोटी आंत वाले हिस्से में पहुंचता है तो भोजन के विलय अंश अवशोषित कर रक्त में मिला दिए जाते हैं शेष भाग मलाशय में मल के रूप में एकत्रित हो जाता है। रक्त में आए अंशों का शरीर के विभिन्न भागों में वितरण कर दिया जाता है। छोटी आंत की भीतरी भित्ति पर पचे हुए भोजन को अवशोषित करने के लिए विशिष्ट प्रकार की रचनाएं पाई जाती हैं, जिन्हें सूक्ष्मांकुर करते हैं, सूक्ष्मांकुरों के कारण आंतों की भीतरी सतह का क्षेत्रफल बहुत बढ़ जाता है। भोजन के पचे हुए भाग को अवशेषित कर उसे रुधिर में मिलाने की जिम्मेदारी मूलत: ये सूक्ष्मांकुर करते हैं, जब सूक्ष्मांकुर बनाने वाली कोशिकाएं वृद्ध हो जाती हैं तो इनकी कार्यक्षमता भी क्षीण हो जाती हैं। अंतत: ये कोशिकाएं मर जाती हैं तथा उनके स्थान पर नई कोशिकाएं बन जाती हैं। प्रतिस्थापन की इस प्रक्रिया में शरीर को बहुत अधिक ऊर्जा खर्च करनी पड़ती है। उपवास के समय पुरानी कोशिकाओं को ही पुन: प्रभावकारी बना दिया जाता है तथा कम खर्च करने में ही आहार नाल की अवशोषण प्रक्रिया सही बनी रहती है।

उपवास हमारे शरीर की एंजाइम प्रणाली को सक्रिय बनाए रखने में सहायक होते हैं। पाचन क्रिया के फलस्वरूप भोजन की अतिरिक्त मात्रा को ग्लाइकोजन व वसा में बदलकर शरीर में एकत्रित कर लिया जाता है। जब शरीर को भोजन नहीं मिलता तब जिगर में संगृहीत ग्लाइकोजन व वसा को ग्लूकोज में बदलने की क्रिया एक विशिष्ट एंजाइम तत्र द्वारा संपन्न होती है। स्पष्ट है कि यह एंजाइम तंत्र भी तभी सक्रिय होता है, जब शरीर भूखा होगा। उपवास करते रहने से इस एंजाइम तंत्र को सक्रिय बने रहने में मदद मिलती है। उपवास न करने की स्थिति में इस एंजाइम तंत्र के धीरे-धीरे निष्क्रिय होते चले जाने का खतरा रहता है। उपवास का लाभ कैंसर रोकने में भी होता है।

अमेरिका के स्वास्थ्य विज्ञानी डॉ. ग्रासीकराउप ने अपने प्रयोगों के आधार पर यह निष्कर्ष निकाला है कि शरीर में भोजन रूपी कैलोरिकआपूर्ति कम होने पर जंतुओं और मानव में कैंसर होने की आशंका कम हो जाती है। उपवास के बाद प्रीति ओपनास्टिक कोशिकाएं नष्ट हो जाती हैं। उन कोशिकाओं के ही कैंसर कोशिकाओं में बदलने की आशंका रहती है। इन प्रमाणों के आधार पर यह स्पष्ट कहा जा सकता है कि उपवास शरीर के लिए नितांत उपयोगी ही नहीं, परमावश्यक भी है। उपवास के दौरान जीवन प्रतिरोधी क्षमता (इम्युनिटी) भी बढ़ जाती है। मन भी पवित्र होता चला जाता है इसीलिए उपवास को अनिवार्य बताया जाता है।

**युग निर्माण योजना**

## आपके पत्र

# चौक चौराहों पर वाहन चलाने वालों की व दूकानदारी करने वालों की मनमानी

राजधानी की सड़कों पर यातायात व्यवस्था का आलम यह है कि आमापारा चौक विशाल मेगा मार्ट वाले चौक पर तो अघोषित रिक्शा ई-रिक्शा स्टैंड बन गया है। आमापारा से लेकर पूरे जी.ई. रोड, आमानाका तक रास्ते के किनारे जो रेहड़ी वाले राजकुमार कॉलेज के सामने लगने वाले ठेले, कपड़े व मच्छड़दानी बेचने वाले, फल बेचने वाले अपनी दूकान का माल दूकान के बाहर रोड तक फैलाकर रखते हैं तथा खरीदी करने वाले अपनी कार व दुपहिया वाहन दूकान के बाहर खड़ी कर खरीदारी करते हैं जिसके कारण यातायात पूरी तरह से ठप हो जाता है। शाम 6 एवं 7 बजे के बीच गाड़ियों का रेला लगा रहता है। ई-रिक्शा वाले तो बीच में कहीं भी रास्ते पर रोक कर सवारी बैठाने का काम करते हैं। पीछे से आने वाले वाहन भले ही टकरा जाए उनकी बला से। उन्हें तो सवारी बिठाना है। यातायात के नियम का पालन तो किसी को करना ही नहीं है। सब वाहन चालकों को मनमानी करना है। चलो ट्रेन पकड़ने वालों की बात समझ में आती है जिन्हें रोज ही आना जाना पड़ता है लेकिन दुपहिया वाहन एवं कारों का काफिला तो खत्म होने का नाम ही नहीं लेते। कोई भी एक तरफ से रास्ता पार कर लें, नहीं, सबको चारों ओर से चौक पार करना है। इस आपाधापी में गाड़ियां फंस जाती हैं। न तो सिंग्नल लाइट के जलने का किसी को इंतजार करना है न बुझने का। बस उन्हें तो चौक पार करना ही है। लाइट भी इतने कम समय के लिए जलती है पूरे वाहन पार हो ही नहीं पाते या फिर इतने देर तक जलती रहेगी कि वाहन पार होने के बाद भी लाइट जलते रह जाती है। प्राय: यह रोज का ही काम है।

रोज ट्यूशन व कोचिंग करने वाले व रोज ही अपनी ड्यूटी कर लौटने वालों के कारण रोज ही यह परेशानी झेलनी पड़ रही है। राजधानी के यातायात का तो भगवान ही मालिक है। त्योहारों के समय तो पूछो ही मत। अगर भूले से एमजी, जयस्तंभ चौक से लेकर कोतवाली चौक चले गए तो भीड़ के कारण चलना मुश्किल हो जाता है।

सत्ती बाजार से कोतवाली चौक तक जो रोड के दोनों ओर गड्ढे कर दिए गए थे वह रास्ता समतल नहीं किया गया है जिसके कारण रोड ऊबड़-खाबड़ हो गया है जिससे वाहन चलाना ही दूभर है। पहले तो व्यापारियों के वाहन खड़ी होने के कारण भीड़ हो जाती थी और अब गड्ढे के कारण उस रास्ते से निकलना मुश्किल हो गया है। क्या राजधानी की यातायात सुविधा सुलभ हो पाएगी?

**एक परेशान पाठक, रायपुर**

## श्री जुगल किशोर जी मंदिर मे भव्य रूप से होगा जन्मोत्सव कार्यक्रम

# भगवान श्री कृष्ण जन्माष्टमी आज



**पन्ना, देशबन्धु।** विगत वर्षो की भांति इस वर्ष भी बुन्देलखंड के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल श्री जुगल किशोर मंदिर में श्री कृष्ण जन्माष्टमी की आज धूम रहेगी। जन्माष्टमी का त्यौहार पूरे देश में मनाया जाता है। लेकिन पन्ना जिला मुख्यालय में स्थित प्रसिद्ध श्री जुगल किशोर जी मंदिर में अनूठे रूप से श्री कृष्ण जन्माष्टमी का त्यौहार मनाया जाता है। लाखो की संख्या में श्रद्धालू जन्माष्टमी पर जुगल किशोर जी मंदिर मे दर्शन करने आते है। सांयकाल छह बजे से भजन कीर्तन सहित अन्य कार्यक्रम होगें तथा रात्रि बारह बजे भगवान श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाया जायेगा। कार्यक्रम को लेकर विगत एक सप्ताह से तैयारियां चल रही है तथा मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। विशेष प्रकार की लाईट व्यवस्था की गई है तथा फूले एवं तोरण द्वार बनाये गयें है। प्रशासन द्वारा सुरक्षा व्यवस्था को लेकर इंतजाम किये गयें है।

## प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश की अध्यक्षता में हुई बैठक

**पन्ना, देशबन्धु।** प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश व जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की अध्यक्ष भावना साधौ ने आगामी 9 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत के सफल क्रियान्वयन के लिए जिला न्यायालय के व्हीसी कक्ष में बीमा कम्पनी के अधिकारियों और अभिभाषकों के साथ प्री.सिटिंग बैठक की। इस मौके पर क्लेम प्रकरणों का राजीनामा के माध्यम से निराकरण के संबंध में चर्चा की गई। जिला न्यायाधीश एवं प्राधिकरण के सचिव राजेन्द्र कुमार पाटीदार सहित प्रशिक्षु न्यायाधीश श्वेता रघुवंशी, बीमा कम्पनियों के अभिभाषक किशोर श्रीवास्तव, एमएल अवस्थी, अशोक द्विवेदी, क्लेम आवेदकों के अभिभाषक नरेन्द्र श्रीवास्तव, देवेन्द्र खरे, अशोक शर्मा, केके तिवारी, संजय कुमार खरे, आरएस त्रिपाठी, शालिगराम तिवारी, राहुल श्रीवास्तव, सुनील खरे, दीपक उपाध्याय, महेन्द्र द्विवेदी, विनोद कुमार तिवारी, बीपी लोधी, भीमेन्द्र खरे, केएस पाण्डेय, असलम खान, पवन शुक्ला सहित पक्षकार उपस्थित थे। बैठक के दौरान प्रत्येक प्रकरण के पक्षकार, अभिभाषक व बीमा कम्पनी अभिभाषकों के मध्य अवार्ड राशि के संबंध में भी चर्चा की गई तथा गंभीर उपहति व मृत्यु संबंधी 9 क्लेम प्रकरणों में एक निश्चित राशि पर नेशनल लोक अदालत में राजीनामा करने पर सहमति बनी। जिला विधिक सहायता अधिकारी देवेन्द्र सिंह परस्ते द्वारा उभयपक्ष के अभिभाषकों से समन्वय स्थापित किया गया।

# छात्रा के साथ दुष्कर्म का प्रयास करने वालो के खिलाफ मामला दर्ज कराने पुलिस अधीक्षक से लगाई न्याय की गुहार

**पन्ना, देशबन्धु।** जिले के बृजपुर थाना अंतर्गत 14 वर्षीय 6वीं की छात्रा के साथ दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है, घटना के संबंध में पीड़िता ने अपनी मां दादी और पिता के साथ पुलिस अधीक्षक कार्यालय पहुंचकर न्याय की गुहार लगाई है, घटना के संबंध में पीड़िता की मां ने मीडिया के समक्ष जानकारी देते हुए बताया कि मेरी बेटी कक्षा 6 में पढ़ती है जिसकी उम्र 14 वर्ष है, 5 सितंबर 2023 को सुबह 6 बजे शौच क्रिया के लिए अपनी बहनों के साथ नाला की ओर गई थी जहां आरोपी पप्पू गौड़ पिता शिवलाल गौड़ जिससे हमारी पुरानी रंजिश चल रही है उसके द्वारा बच्ची से अशलील बातें की गई जिसका विरोध करने पर बुरी नियत से जमीन में पटक कर दुष्कर्म का प्रयास किया गया, पीड़िता एवं उसकी बहनों के द्वारा शोर मचाने पर आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से भाग गया, पीड़िता एवं उसकी बहनों ने घर पहुंच कर घटना की जानकारी अपने माता-पिता को दी, जिसके बाद सभी लोग बृजपुर थाना पहुंचे लेकिन वहां जैसी शिकायत की गई वैसी शिकायत नहीं लिखी गई और ना ही आरोपी पर कार्रवाई की जा रही जिससे पीड़ित 6 सितंबर को मामले की शिकायत लेकर पुलिस अधीक्षक कार्यालय में न्याय की गुहार लगाई है।

# नेशनल लोक अदालत में मिलेगी छूट

**पन्ना, देशबन्धु।** 9 सितम्बर को नेशनल लोक अदालत में विद्युत उपभोक्ताओं को बिजली अनियमितताओं के प्रकरणों में समझौते का मौका मिलेगा। निम्नदाब उपभोक्ता के विरूद्ध विद्युत अधिनियम 2003 की धारा 135/138 एवं 126 के तहत विशेष न्यायालय पन्ना पवई में लिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरणों की राशि का एक मुश्त भुगतान करने पर उपभोक्ताओं को सिविल दायित्व की राशि 50 हजार तक के प्रकरणों के लिए 20 प्रतिशत और ब्याज की राशि में शत प्रतिशत छूट दी जाएगी। सभी घरेलू, कृषि, 5 किलोवाट भार तक के गैर घरेलू और 10 अश्व शक्ति भार तक के औद्योगिक उपभोक्ताओं को इसका लाभ मिल सकेगा। ऐसे उपभोक्ता न्यायालय से बाहर प्री.लिटिगेशन स्तर पर लंबित प्रकरणों में एक मुश्त राशि का भुगतान कर 50 हजार रूपए राशि तक के प्रकरणों में 30 प्रतिशत और ब्याज राशि में शत प्रतिशत छूट का लाभ उठा सकते हैं।

## पटना तमोली यात्री प्रतिक्षालय में अवैध कब्जा

**पन्ना, देशबन्धु।** गुनौर तहसील अन्तर्गत ग्राम पंचायत पटना तमोली मुख्यालय में लोगो को बैठने के लिए यात्री प्रतिक्षालय बनाया गया था, लेकिन उक्त यात्री प्रतिक्षालय के सामने अवैध रूप से दुकाने लगाई जा रही है तथा यात्री प्रतिक्षालय के अन्दर भी समान रखा जा रहा है जिससे बाहर से आने वाले यात्रियो के लिए जगह नही रहती है। स्थानीय लोगो ने संबंधित दुकानदारो के खिलाफकार्यवाही करने की मांग की है।

## रहवासियों ने मांगा जमीन का मालिकाना हक

**भोपाल, देशबन्धु।** नरेला शंकरी और दामखेड़ा क्षेत्र में रहने वाले परिवारों ने लीज को फ्री होल्ड करने की मांग रखी है, जिससे इन परिवारों को जमीन या मकान का मालिकाना हक मिल सके। यहां के रहवासी मंगवार को कलेक्ट्रेट जनसुनवाई में पहुंचे और अपनी शिकायत दर्ज कराई है। जानकारी के अनुसार संघर्ष मंच के संयोजक औंकार वर्मा ने बताया कि नरेला शंकरी 128 और दामखेड़ा की 140 एकड़ जमीन पर हजारों लोग काबिज है, इन लोगों को लीज के आधार पर जमीन दी गई है।

# 2 हजार वर्ष पुराने शैलचित्र व सिक्कों पर बलराम-श्रीकृष्ण के छायाचित्र



**भोपाल, देशबन्धु।** बाल रूप में कृष्ण जी का दही मुख को खोलने पर ब्रह्माण्ड दिखाई देना, दो हजार वर्ष पूर्व शैलचित्रों में बलराम-श्रीकृष्ण, 2300 वर्ष पहले के सिक्कों पर बलराम-कृष्ण और अर्जुन द्वारा मछली की आंख पर निशाना लगाना। कुछ ऐसे ही छायाचित्र देखने को मिले बिड़ला संग्रहालय में। मौका था कृष्ण जन्माष्टमी महोत्सव का। इस दौरान भगवान श्रीकृष्ण एवं महाभारत विषय पर प्रदर्शन का आयोजन किया गया है।

प्रदर्शनी का शुभारंभ भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण विभाग से आए डा. मनोज कुमार कुर्मी एवं डा. टीकम तेनवार ने किया। इस अवसर पर डा. नारायण व्यास, रामायण केंद्र के निदेशक डा. राजेश श्रीवास्तव, अरुण डानायके, एमके माहेश्वरी, डा. पूजा सक्सेना, नगेन्द्र वर्मा, साधना व्यास, योगेश गुप्ता, अनिल सक्सेना, राजेश तेनानी एवं विकास दुबे भी उपस्थित थे। प्रदर्शनी में एक छायाचित्र महाराष्ट्र के औरंगाबाद के प्राकृतिक शैल गुहा को काटकर निर्मित कैलाश मंदिर का हैं। यह मंदिर लगभग आठवीं शती ई में निर्मित है। इसमें श्रीकृष्ण जन्म, उनके द्वारा पूतना वध, असुर एवं धेनुकासुर, प्रलंब, नरकासुर, अघासुर के वध के दृश्य को दिखाया गया है। इसके अलावा कुब्जा का उद्धार, महाभारत के कथानक को भी प्रदर्शित किया गया है। प्रदर्शनी में लगभग सवा सौ छायाचित्रों को देखा जा सकता है।

बिड़ला म्यूजियम के क्यूरेटर बीके लोखंड़े बताते हैं कि दर्शक इस प्रदर्शनी का अवलोकन 11 सितंबर तक कर सकती है। प्रदर्शनी में प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। इसके तहत यहां आने वाले दर्शक को प्रश्न पत्र दिया जा रहा है, जिसमें प्रदर्शनी को देखकर उत्तर देना है। इस दौरान प्रतियोगिता में हिस्सा लेने वाले दर्शकों को प्रदर्शनी के समापन अवसर पर पुरस्कृत भी किया जाएगा।

### प्रथम पृष्ठ का शेष

**देश के पॉवर स्टेशन के....** कहा जा सकता है कि जल्द ही मध्यप्रदेश हाइड्रोजन के उत्पादन में देश का नं.1 राज्य बनेगा और यहां के किसान ऊर्जादाता बनेंगे। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के कार्यकाल में प्रदेश की तस्वीर बदल गई है। इसका श्रेय प्रदेश की जनता को है, जिसने भाजपा को चुनकर हमें काम करने का मौका दिया। एक बार फिर जन आशीर्वाद यात्रा आपका आशीर्वाद मांगने आ रही है। मध्यप्रदेश को संपन्न, समृद्ध बनाने और हर वर्ग का कल्याण देने के लिए भाजपा को अपना आशीर्वाद दीजिए, ये हमारा वादा है कि आपको नया मध्यप्रदेश देखने को मिलेगा।

इस अवसर पर पार्टी के प्रदेश संगठन महामंत्री हितानंद , राष्ट्रीय प्रवक्ता प्रेम शुक्ला, प्रदेश शासन के मंत्री कुंवर विजय शाह, तुलसीराम सिलावट, सुश्री ऊषा ठाकुर, सांसद ज्ञानेश्वर पाटिल, गुमान सिंह डामोर, यात्रा प्रभारी व सांसद शंकर लालवानी, पार्टी के प्रदेश मीडिया प्रभारी आशीष अग्रवाल, प्रदेश प्रवक्ता श्रीमती अर्चना चिटनीस, राम डागौरे, आईडीए के अध्यक्ष जयपाल सिंह चावड़ा, आईडीए के उपाध्यक्ष गोलू शुक्ला, श्रीमती रंजना बघेल, विधायक देवेन्द्र वर्मा, नारायण पटेल, जिला अध्यक्ष सेवादास पटेल, अरूण सिंह, राजेश तिवारी सहित पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित थे।

**खंडवा मप्र में बिजली....** सोलर प्लांट लगाकर सूरज से बिजली बना रहे हैं। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री ने हर गरीब को पक्का मकान देने का काम किया है। जिन लोगों के नाम इस योजना में छूट गए हैं, उन्हें भी आचार संहिता लगने से मुख्यमंत्री आवास योजना में शामिल किया जाएगा, उन्हें भी पक्के घर दिए जाएंगे। श्री चौहान ने कहा कि कांग्रेस के चक्कर में बिलकुल भी नहीं आना है, क्योंकि प्रदेश के विकास के लिए भाजपा की सरकार जरूरी है।

**विस चुनाव में बुजुर्ग और....** था। इस दौरान चुनाव आयोग ने जहां राजनीतिक दल के प्रतिनिधियों से चर्चा की। वहीं, कलेक्टरों और पुलिस अधीक्षकों सहित चुनाव कार्य में संलग्न अधिकारियों के साथ ही प्रदेश के आला अधिकारियों से भी चुनावी तैयारियों पर विस्तृत विचार-विमर्श किया। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने बताया कि मतदान का प्रतिशत बढ़ाने और मतदान केंद्रों पर बेहतर सुविधाएं मुहैया करने के लिए राज्य के अधिकारियों से चर्चा की गई है।

प्रदेश में 18 से 19 आयु वर्ग के 18 लाख 86 हजार मतदाता हैं। ये पहली बार मतदान करेंगे। इनके लिए प्रत्येक विधानसभा क्षेत्र में सहायक निर्वाचन अधिकारी नियुक्त किया गया है। आयोग द्वारा मतदाता बनने के लिए वर्ष में 4 तिथियां घोषित करने के कारण विधानसभा चुनाव में 4 लाख 73 हजार नव मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग कर पाएंगे। सौ प्रतिशत बैगा, भारिया और सहरिया मतदाताओं के नाम सूची में शामिल किए जा चुके हैं।

आयोग ने बताया कि प्रदेश में विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा, भारिया और सहरिया की आबादी 9.91 लाख है। यानी सौ प्रतिशत नाम दर्ज हैं। दो सौ मतदान केंद्र ऐसे रखे गए हैं, जिनका संचालन इन्हीं समुदाय के व्यक्तियों द्वारा किया जाएगा। 5 हजार मतदान केंद्र महिलाएं संभालेंगी और 1,150 मतदान केंद्र युवा अधिकारियों-कर्मचारियों के जिम्मे रहेंगे। 15 हजार मतदान केंद्रों को आदर्श के रूप में विकसित किया जाएगा।

**3 साल से एक ही जगह....** रेम्प आदि का निर्माण स्थायी हो, इस दृष्टि से काम कराएं। उन्होंने निर्देशित किया कि चुनाव के समय कोई भी ऐसा अधिकारी-कर्मचारी चुनाव कार्य में सीधे तौर पर संलग्न नहीं है, जिसे एक स्थान पर पदस्थ रहते हुए 3 साल हो चुके हैं। मुख्य निर्वाचन आयुक्त ने सभी दलों और प्रत्याशियों को समान अवसर देने, निष्पक्षता और पारदर्शिता से काम करने के निर्देश दिए।

# शिक्षक दिवसः भाराछासं ने किया शिक्षकों को सम्मानित



**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** भारतीय राष्ट्रीय छात्र संगठन (भाराछासं) द्वारा साधु वासवानी ऑटोनॉमस कॉलेज में भारत के प्रथम उपराष्टपति, भारत रत्न, और महान शिक्षाविद डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती पर शिक्षकों को सम्मानित कर शिक्षक दिवस मनाया गया।

शिक्षक दिवस पर भाराछासं के हुजूर विधानसभा अध्यक्ष सोहन मेवाड़ा की उपस्थिति में डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पदाधिकारियों एवं छात्रों ने माल्यार्पण किया। कॉलेज के छात्र-छात्राओं ने सभी शिक्षकों को माला पहनकर व मुह मीठा करवाकर आशीर्वाद लिया। इस अवसर सोहन मेवाड़ा ने बताया की भारतीय परंपरा में शिक्षकों को भगवान के समान माना जाता है। शिक्षक दिवस ऐसा अवसर है जब हम उन सभी शिक्षकों की समर्पित सेवाओं का सम्मान करते हैं जो हमारे बौद्धिक और नैतिक विकास में अग्रणी भूमिका निभाते हैं। शिक्षक सार्थक जीवन की राह दिखाता है और एक शिक्षक ही राष्ट का निर्माता होता है। आज सभी शिक्षक गुरु-शिष्य की परम्परा को कायम रखने का संकल्प लें। इस अवसर पर छात्र नेता अंकित नागर, आयुष यादव, कुलदीप, रोहित राय, दानिश, पीयूष यादव, नीरज दांगी, आकाश सिंह, असरार, सूरज पांडय, सलोनी, निकिता, पूजा यादव, मंजू राजपूत, निखिल, अनमोल, विकास, यश राजपूत सहित अन्य छात्र-छात्राएं, कार्यकर्ता उपस्थित रहे।


Jila Sahakari Kendriya Bank Maryadit, Panna (MP)

**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित पन्ना ( म.प्र. )**

HO Collage Road, PANNA- 488001

07732-252455, FAX:07732-252033 Email ID-cbspanna mp@gmail.com

क्रमांक/स्थापना/प्रशासन/2023-24/1059 पन्ना दिनांक 29.08.2023

प्रति,

श्री/श्रीमति/प्रशासक........................................................................

प्रतिनिधि, प्राथमिक कृषि साख सरकारी समिति मर्यादित......................

एवं अकृषि/असाख/समितियां...........................................................

नाम...............................पोस्ट..................जिला पन्ना ( म.प्र. )

माननीय महानुभाव,

जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्यादित, पन्ना के समस्त अंशधारी सदस्य समितियों एवं उनके बैंक प्रतिनिधियों को सूचित किया जाता है कि बैंक की वर्ष 2022-23 की 61वीं वार्षिक साथारण सभा दिनांक 15.09.2023 दिन शुक्रवार को समय दोपहर 12.00 बजे से जिला पंचायत सभागार पन्ना में आयोजित की गई है। जिसमें आपकी उपस्थिति सादर प्रार्थनीय है।

निर्धारित समय पर गणपूर्ति के चुनाव में बैठक आधे घंटे के लिए स्थगित की जावेगी जो आधा घंटे उपरांत ऐसी स्थान पर निर्धारित विषय सूची पर प्रारंभ होगी जिसमें गणपूर्ति की आवश्यकता नहीं होगी।

**विषय सूची**

1. वर्ष 2022-23 का अंकेक्षित वार्षिक प्रतिवेदन एवं वित्तीय पत्रकों की स्वीकृति देना।
2. बैंक की वर्ष 2022-23 की साविधिक अंकेक्षण रिपोर्ट का अवलोकन एवं विचार बाबत।
3. वर्ष 2024-25 का प्रस्तावित आय व्यय बजट स्वीकृत करना एवं गत वर्ष स्वीकृत बजट से अधिक व्यय जिन मदों में हुआ है का अनुमोदन करना।
4. वर्ष 2024-25 का वार्षिक कार्यक्रम स्वीकृत करना।
5. वर्ष 2024-25 के लिए बैंक की अधिकतम ऋण गृहण सीमा निर्धारण करना ।
6. सहकारी विधान की धारा 49 के अंतर्गत संचालक मंडल के सदस्यों एवं उनके परिवार के सदस्यों पर ऋण अग्रिम की बकाया जानकारी का अवलोकन करना।
7. वित्तीय वर्ष 22-23 में बैंक के लाभांश-व्ययन/हानि पर विचार करना।
8. अन्य विषय माननीय कोर्ट कमिश्नर महोदय की अनुमति से।

**प्र. मुख्य कार्यपालन अधिकारी**
**जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक मर्या. पन्ना ( म.प्र. )**



**शपथ पत्र**

मेरा नाम नीलम विश्वकर्मा उर्फ निर्मला विश्वकर्मा पति का नाम श्री ओमप्रकाश विश्वकर्मा वर्तमान पता ग्राम मॉडल जिला विदिशा शपथ पूर्वक सत्य कथन करती हूं। यह कि मेरी भारतीय जीवन बीमा निगम की पॉलिसी नं. 372699183 पर मेरा नाम **NIRMALA VISHWAKARMA** दर्ज है। मेरे आधार कार्ड आदि पर मेरा नाम **NEELAM VISHWAKARMA** लिखा है। यह कि उक्त दोनों नाम एक ही महिला यानि मेरे स्वयं के है इन नामों की अलग-अलग महिला नहीं है। यह कि मेरी उक्त पॉलिसी का भुगतान मेरे नाम **नीलम विश्वकर्मा** के अनुसार ही कर दिया जावे। तथा किसी भी प्रकार की गलत जानकारी पाये जाने पर मैं क्षतिपूर्ति हेतु बाध्य रहूंगी।

**हस्ताक्षर**
**नीलम विश्वकर्मा**


## पूर्व विधायक डागा पूज्य सिंधी पंचायत कार्यालय पहुंचे, की चर्चा

**संत हिरदाराम नगर, देशबन्धु।** पूर्व विधायक व कांग्रेस के वरिष्ठ नेता जितेन्द्र डागा संत हिरदाराम नगर की पूज्य सिंधी पंचायत के कार्यालय पहुंचे। जहां उन्होने पंचायत के पदाधिकारियों के साथ शहर के विकास को लेकर चर्चा की। पूज्य सिंधी पंचायत के कार्यालय पहुंचे श्री डागा का पंचायत पदाधिकारियों द्वारा शाल व फूल मालाओ से स्वागत किया। इस अवसर पर पंचायत अध्यक्ष साबू रीझवानी ने कहा कि श्री डागा सक्रिय व सरल स्वभाव के धनी है। जब वे विधायक थे, तो पंचायत के हर कार्य में साथ रहते थे।


**नाम परिवर्तन सूचना**

मैं रूहान परयानी पिता श्री मुकेश परयानी आयु 15 वर्ष निवासी- गुरू नानक गली संत कवरराम वार्ड सागर, सागर, म.प्र. शपथ पूर्वक कथन करता हूँ कि, मेरे समस्त दस्तावेजो में मेरा नाम रूहान परयानी दर्ज है। चूंकि मेरा आधार कार्ड सौम्य परयानी के नाम से बना हुआ है। अतः आधार कार्ड में मेरा नाम रूहान परयानी दर्ज कराने हेतु मेरे द्वारा यह जाहिर सूचना प्रकाशित कराई जा रही है।

**सूचनाकर्ता**
**रूहान परयानी**
**संत कवरराम वार्ड सागर, सागर, म.प्र.**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री (भवन) लोक निर्माण विभाग, तहसील केम्पस सागर म.प्र.**

एनआईटी नं.23/2023-24 केन्द्रीयकृत निविदा आमंत्रण/सा/एपीडी/ सागर दिनांक 28.08.2023

निम्नलिखित कार्य हेतु ऑनलाईन निविदा पंजीकृत ठेकेदारों अथवा पंजीयन हेतु उपयुक्त पात्रता वाली प्रतिष्ठित फर्म से आमंत्रण की जाती है।

| स. क्र. | पोर्टल टेंडर क्र. | कार्य का नाम | जिला | ठेके की अनुमानित राशि (पीएसी) (रू. लाख में) | अमानत राशि (ईएमडी) (रू. में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य (रू. में) | कार्य पूर्ण करने का समय (माह में वर्षाकाल सहित) | कार्यालय का नाम जहां तकनीकी बिड भौतिक रूप से सत्यापित जावेगी |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 |
| 1 | 2023_PWPIU _303251_1 | बीना जिला सागर में सी.एम.राईज अंतर्गत शासकीय मॉडल उच्चतर माध्यमिक विद्यालय में निर्माण कार्य (प्रथम आमंत्रण) | सागर | 2929.75 | 1464876 | 50000.00 | 18 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |
| 2 | 2023_PWPIU _303249_1 | बीना जिला सागर में विधि महाविद्यालय निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | सागर | 605.17 | 605173 | 20000.00 | 16 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |
| 3 | 2023_PWPIU _303247_1 | खुरई जिला सागर में पॉलीटेक्निक कॉलेज निर्माण कार्य। (प्रथम आमंत्रण) | सागर | 591.59 | 591589 | 20000.00 | 16 माह | मुख्य अभियंता भवन लोक निर्माण विभाग परिक्षेत्र जबलपुर |

1 निविदा से संबंधित बिड डॉक्यूमेंट वेबसाइट http://mptenders.gov.in/ पर बिना भुगतान के देखे एवं डाउनलोड किये जा सकेंगे।
2. निविदा प्रपत्र का मूल्य ऑनलाईन पोर्टल पर क्रेडिट/डेबिट/कैशकार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान कर निविदा प्रपत्र खरीदा जा सकेगा।
3. निविदा प्रपत्र केवल ऑन लाईन दिनांक 31.08.2023 समय 10.30 से दिनांक 15.09.2023 समय 17.30 तक खरीदा जा सकेगा। सूचना व अन्य जानकारी वेबसाइट पर देखी जा सकती है।
4. निविदा से संबंधित समस्त आवश्यक संशोधन उपरोक्त वेबसाइट पर ही दर्ज किये जायेंगे, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

जी-19264/23

**कार्यपालन यंत्री ( भवन )**
**लोक निर्माण विभाग संभाग सागर**



**कार्यालय नगर परिषद बांदरी जिला सागर**

क्रं./लोक निर्माण/निविदा/2023/1796 बांदरी दिनांक 04/09/2023

**//निविदा आमंत्रण सूचना//**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई- रजिस्ट्रेशन प्रणाली से पंजीकृत सस्मत ठेकेदारों से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्ततृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2023_UAD_304718_1 04-09-2023 | वार्ड क्रमांक 12 में जिम के पास पेवर ब्लाक लगाने का कार्य | 1- 03 माह 2- 9.67 लाख | 1- 2000.00 2- 9700.00 | 19-09-2023 |
| 2. | 2023_UAD_304721_1 04-09-2023 | वार्ड क्रमांक 10 में मेन रोड के किनारे पेवर ब्लाक लगाने का कार्य | 1- 03 माह 2- 9.67 लाख | 1- 2000.00 2- 9700.00 | 19-09-2023 |
| 3. | 2023_UAD_304722_1 04-09-2023 | वार्ड क्रमांक 10 में मंत्री जी के आफिस से राजेन्द्र के घर तक पेवर ब्लाक लगाने का कार्य | 1- 03 माह 2- 9.67 लाख | 1- 2000.00 2- 9700.00 | 19-09-2023 |
| 4. | 2023_UAD_304724_1 04-09-2023 | वार्ड क्रमांक 13 में एस.बी.आई. बैंक के पास पेवर ब्लाक लगाने का कार्य | 1- 03 माह 2- 9.67 लाख | 1- 2000.00 2- 9700.00 | 19-09-2023 |

नोटः- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑन लाईन www.mptenders.gov.in की बेवसाईट पर ही किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्र में प्रकाशन नहीं किया जावेगा।

**मुख्य नगर पालिका अधिकारी**
**नगर परिषद, बांदरी, जिला सागर**



**कार्यालय कार्यपालन अभियंता**

**मध्यप्रदेश पूर्व क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी लिमि. संभाग बिजावर ,**

दूरभाष नं.-07608-299277 E-mail-eebijawar2023@yahoo.com

क्रं./का.अ.वि./विज्ञप्ति/1417 बिजावर दिनांक 06.09.2023

**विज्ञप्ति**

विषयांतर्गत लेख है कि बिजावर संभाग के वितरण केन्द्र बड़ामलहरा अंतर्गत आने वाले निम्नांकित फीडरों का मेन्टेनेन्स व आवश्यक सुधार कार्य प्रस्तावित है जिसके कारण विद्युत प्रदाय प्रातः 07 बजे से दोपहर 01 बजे तक बंद रहेगा। जिसका विवरण निम्नानुसार है-

| क्र. | दिनांक | फीडर का नाम | फीडर की लम्बाई | फीडर प्रभारी का नाम | सप्लाई बाधित क्षेत्र |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 09.09.2023 | बड़ामलहरा टाउन | 15 KM | अनिल जैन, गया पटेल, मलखान पाल, दृगपाल सिंह,गोकुल राजपूत,पवन यादव, मैयादीन सेन, एवम समस्त स्टाफ | बड़ामलहरा टाउन फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 2 | 10.09.2023 | बाजना मिक्स | 43 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल | बाजना मिक्स फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 3 | 14.09.2023 | कर्री घरेलु | 22 KM | गोकुल राजपूत, पवन यादव | कर्री घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 4 | 11.09.2023 | सेंधपा घरेलु | 42 KM | दृगपाल सिंह, गणेश पटेल | सेंधपा घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 5 | 12.09.2023 | धनगुवां घरेलु | 47 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल | धनगुवां घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 6 | 13.09.2023 | धनगुवां कृषि | 77 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल | धनगुवां कृषि फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 7 | 15.09.2023 | कर्री कृषि | 74 KM | गोकन राजपूत, पवन यादव | कर्री घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 8 | 16.09.2023 | सेंधपा कृषि | 57 KM | दृगपाल सिंह, गणेश पटेल | सेंधपा कृषि फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 9 | 15.09.2023 | पाटन कृषि | 49 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल, दृगपाल सिंह, गणेश पटेल | पाटन कृषि फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 10 | 17.09.2023 | प्रतापपुरा मिक्स | 42 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत, पवन यादव | प्रतापपुरा मिक्स फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 11 | 18.09.2023 | रानीखेरा घरेलू | 22 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत , पवन यादव | रानीखेरा घरेलू फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 12 | 19.09.2023 | जमगुवा फीडर | 17 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत, पवन यादव | जमगुवा फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 13 | 10.09.2023 | गुलगंज घरेलू | 44 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | गुलगंज घरेलु फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 14 | 20.09.2023 | खिरकुवा कृषि | 22 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | खिरकुवा फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 15 | 21.09.2023 | बाजना कृषि | 38 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | बाजना फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 16 | 22.09.2023 | सेंधपा घरेलु | 40 KM | मैयादीन सेन, गोकुल राजपूत पवन यादव,दृगपाल सिंह | सेंधपा फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |
| 17 | 23.09.2023 | बाजना घरेलु | 32 KM | गया प्रसाद पटेल, मलखान पाल, | बाजना घरेलू फीडर से सम्बंधित क्षेत्र |

नोटः-1 असुविधा के लिए खेद है। 2. विद्युत बिल का भुगतान समय पर करें। 3. विद्युत चोरी करना दण्डनीय अपराध है।

**कार्यपालन अभियंता ( सं./सं. )**
**म.प्र.पू.क्षे.वि.वि.कं. लिमि. संभाग बिजावर**

### 20 सितम्बर को जिले में करेगी प्रवेश

# जन आशीर्वाद यात्रा की तैयारियों को लेकर भाजपा पदाधिकारियों ने की बैठक



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** भारतीय जनता पार्टी मध्य प्रदेश द्वारा जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर उत्साह हो रहा है। यह यात्राएं पांच स्थानों से प्रारंभ हो रही है। टीकमगढ़ विधानसभा में जो यात्रा आना है वह पहली यात्रा है, जिसका प्रारंभ भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा द्वारा 3 सितंबर को चित्रकूट धाम से प्रारंभ हुआ। इस यात्रा में अतिथि के रूप में केंद्रीय मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया, प्रदेश अध्यक्ष बीडी शर्मा व केंद्रीय मंत्री नरेंद्र सिंह तोमर की उपस्थिति रही। इस यात्रा का समापन निवाड़ी के ओरछा धाम में किया जाना है। इसी तारतम्य में टीकमगढ़. छतरपुर. निवाड़ी के पदाधिकारियों ने एक बैठक टीकमगढ़ भाजपा कार्यालय में आयोजित की। इस बैठक में टीकमगढ़ जिले में जन आशीर्वाद यात्रा के जिला संयोजक अनुराग वर्मा व सहसंयोजक मनोज देवलिया, भाजपा विधायक राकेश गिरी गोस्वामी, टीकमगढ़ भाजपा अध्यक्ष अमित नुना, छतरपुर से पूर्व विधायक पुष्पेंद्र पाठक, टीकमगढ़ पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव, निवाड़ी अध्यक्ष अखिलेश अयाची, पूर्व जिला अध्यक्ष गोविंद बिहारी अग्रवाल, भाजपा महामंत्री अश्विनी चढ़ार, आशुतोष भट्ट, पूरन चंद्र, जिला उपाध्यक्ष अभिषेक खरे रानू, रीतेश भदौरा, बलवीर जोशी, अंकित तोमर, सुनील खटीक, प्रमोद खरे, शिवम सोनी, शक्ति राय, इंजीनियर अभय प्रताप सिंह यादव, प्रफुल्ल द्विवेदी, स्वप्निल तिवारी, मुकेश तिवारी, रामगोपाल चौरसिया, विजय पटेरिया, मुन्ना साहू, महेश पटेरिया, महेश साहू, पंकज प्रजापति, प्रवीण नामदेव, महेश गौतम सहित तमाम पदाधिकारी गण व कार्यकर्ता जन उपस्थित रहे। भाजपा विधायक राकेश गिरी ने सभी कार्यकर्ताओं का जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर उत्साह वर्धन किया। भाजपा जिला अध्यक्ष अमित नुना ने कहा कि इस जन आशीर्वाद यात्रा से बूथ स्तर तक का कार्यकर्ता सम्मिलित हो व जिससे उसका उत्साह बढ़ सके और इस यात्रा का सकारात्मक संदेश लोगों तक पहुंच सके। भाजपा पूर्व विधायक केके श्रीवास्तव ने पदाधिकारियों को संबोधित करते हुए कहा कि यह यात्रा टीकमगढ़ जिले में 20 सितंबर को खरगापुर विधानसभा में कुड़ीला नामक स्थान से प्रारंभ होगी। जगह-जगह लोगों द्वारा इसका स्वागत एवं फूल वर्षा की जाएगी। खरगापुर में कन्नपुर, पटौरी, डारगुवां तिगेला, लखेरी, बुड़ेरा तिगेला से होते हुए टीकमगढ़ में मड़खेरा मंदिर, बुड़ेरा, दरगुवां, बड़ागांव धसान, अजनौर, पठा, टीकमगढ़ से 21 सितंबर को धजरई, पपावनी, बल्देवगढ़, खरगापुर, पलेरा, चंदेरा, खरों, लिधौरा में भ्रमण करेगी व अलग-अलग स्थानों पर रथ यात्रा व सभा का आयोजन होगा जिसमें आम जनमानस सम्मिलित हो सकेंगे। छतरपुर के पूर्व विधायक पुष्पेंद्र पाठक ने कार्यकर्ताओं को बताया कि भारतीय जनता पार्टी ने जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर जिलों में तैयारियां शुरू कर दी है। यात्रा के लिए दिवस प्रभारी, यात्रा प्रभारी व कार्यक्रम स्थल प्रभारी नियुक्त किए गए हैं और जनता में भी जन आशीर्वाद यात्रा को लेकर खासा उत्साह देखने को मिल रहा है।

# पटवारियों ने सुंदरकांड का पाठ करके सरकार के लिए मांगी सद्‌बुद्धि




**पलेरा, देशबन्धु।** पटवारियों की अनिश्चितकालीन हड़ताल के चलते हल्कों में काम प्रभावित हो रहा है। तहसील कार्यालय के बाहर बीते दस दिनों से लंबित मांगों के निराकरण की मांग को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर बैठे पटवारी संघ ने बुधवार को संगीतमय सुंदरकांड का पाठ किया। इसमें उन्होंने सरकार को सदबुद्धि देने के लिए प्रार्थना की।

गौरतलब है कि अपनी मांगों को लेकर लंबे समय से क्रमबद्ध हड़ताल कर रहे पटवारी अपना राजस्व कार्य संबंधी बस्ता तहसील में जमा चुके हैं। पटवारी संघ के आह्वान पर बुधवार को तहसील कार्यालय के बाहर सभी पटवारियों ने एकत्र होकर भगवान हनुमान की स्तुति करते हुए सुंदरकांड का पाठ किया। इलाके में वर्षा की विषम स्थिति को दूर करने के लिए भी भगवान से प्रार्थना की गई। इसके अलावा अनिश्चितकालीन हड़ताल में जाने का असर शासकीय योजनाओं के साथ राजस्व संबंधित कार्य पर देखा जा रहा है। तहसील कार्यालय में पटवारी संबंधी काम के लिए आए लोग वापिस लौट रहे है। पटवारियों की हड़ताल से नामांतरण, बंटवारा, जाति, जन्म, मृत्यु प्रमाण पत्र, निर्वाचन संबंधी कार्य, नक्शा दुरुस्तीकरण, पीएम किसान, सीएम किसान निधि, बैंक बंधक एप्रूवल, बैंक ऋण कार्य के प्रकरण भी प्रभावित हो रहे हैं।

# अवैध कच्ची शराब एवं महुआ लहान सहित आरोपी गिरफ्तार



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओ (पी) राहुल कटारे के मार्गदर्शन में बुधवार 06 सितम्बर को थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में मुखबिर की सूचना पर पुलिस टीम गठित कर मुखबिर के बताये स्थान पर ग्राम कारी में दविश दी तो मातादीन अहिरवार पिता हल्काई अहिरवार उम्र 31 साल निवासी कारी से 05 लीटर कच्ची महुआ की शराब मिली एवं शराब के बनाने के बारे में पूछा तो उसने बताया कि मेरे घर के अंदर कच्चे महुआ लहान के रखे हुये है। आरोपी का लहान मौके पर ही नष्ट किया गया। आरोपी का कृत्य धारा 34 (क) आबकारी एक्ट का दण्डनीय पाये जाने से प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। उक्त कार्यवाही में प्रधान आरक्षक अनिल शर्मा, विकास रजक, आरक्षक अजय यादव, अवनीश एवं कमल की सराहनीय भूमिका रही।

# बाइक की टक्कर से बछड़े की मौत, चालक घायल



**दिगौड़ा, देशबन्धु।** थाना क्षेत्र के अंतर्गत झांसी हाइवे सड़क पर स्थित ग्राम दोर में मंगलवार की रात करीब 8:30 बजे एक युवक ने बाइक से बछड़े को जोरदार टक्कर मार दी। इस घटना में बछड़े की मौके पर मौत हो गई। स्थानीय लोगों से मिली जानकारी के अनुसार मंगलवार की रात 8:30 बजे झांसी हाइवे पर ग्राम दोर गांव में युवक सोनू केवट निवासी दिगौड़ा ने बाइक को तेज गति व लापरवाही से चलाते हुए गाय के बछड़े को टक्कर मार दी। इस घटना में बछड़े की मौके पर ही मौत हो गई। घटना को लेकर स्थानीय लोगों की भीड़ जमा हो गई। लोगों ने बताया कि युवक शराब के नशे में था, जिसने बाइक को तेज रफ्तार से चलाते हुए बछड़े में टक्कर मार दी थी। घटना में युवक को भी मामूली चोटें आईं और बछड़े की मौके पर मौत हो गई। युवक हाइया हार से अपने घर दिगौड़ा वापिस लौट रहा था।

## अवैध हथियार के साथ पुलिस के हत्थे चढ़ा युवक

टीकमगढ़। पुलिस अधीक्षक रोहित काशवानी द्वारा अवैध शराब, जुआ, सट्टा, अवैध हथियार रखने वाले अपराधियों के विरुद्ध कार्यवाही करने हेतु निर्देशित किया गया है। इसी तारतम्य में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सीताराम सासत्या एवं एसडीओ (पी) राहुल कटरे के मार्गदर्शन में अवैध हथियार लेकर लोगों को डरा रहे युवक को गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में मिली जानकारी के मुताबिक बुधवार 06 सितम्बर को मुखबिर द्वारा सूचना मिलने पर थाना प्रभारी देहात निरीक्षक मनीष कुमार के नेतृत्व में ग्राम हीरानगर पुलिस टीम को भेजा गया। मौके पर पहुंची पुलिस टीम ने बृजेश पिता रामचरण रजक निवासी ग्राम हीरानगर को हरिजन बस्ती हीरानगर चौराहे पर एक लोहे का धारदार छुरा लिए हाथ में लहरा कर राहगीरों को अपराध घटित करने के इरादे से डराते हुए पाया। पुलिस टीम द्वारा आरोपी बृजेश पिता रामचरण रजक उम्र 26 वर्ष निवासी ग्राम हीरानगर के कब्जे से एक लोहे का धारदार छुरा जप्त कर आरोपी के विरुद्ध धारा 25 (बी) आर्म्स एक्ट का अपराध पंजीकृत कर विवेचना में लिया गया।

### कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित

# मास्टर ट्रेनरों को दिया जाएगा चुनाव को लेकर प्रशिक्षणः कलेक्टर



**टीकमगढ़, देशबन्धु** कलेक्टर अवधेश शर्मा की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में टीएल की बैठक आयोजित की गई। बैठक में उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन एवं समाधान ऑनलाइन प्रकरणों का निराकरण अधिकारी विशेष ध्यान देते हुए करायें। उन्होंने निर्देशित किया कि सीएम हेल्पलाइन प्रकरण को अधिकारी स्वयं गंभीरतापूर्वक संबंधित शिकायतकर्ता से बात करके निराकरण करायें, कोई भी शिकायत अनअटेंडेंट ना रहे इसका भी ध्यान रखें। बैठक में कलेक्टर श्री शर्मा ने आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 के संबंध में की जा रही तैयारियों के संबंध में विस्तार से समीक्षा करते हुए निर्देशित किया कि निर्वाचन के प्रशिक्षण के संबंध में मास्टर ट्रेनरों की ट्रेनिंग दी जायेगी। उन्होंने कहा कि सभी पोलिंग पार्टियों के लिये वेलिड पेपर से मतदान ट्रेनिंग के समय ही करायें। उन्होंने क्रिटीकल मतदान केन्द्रों के संबंध में डाटाबेस बनाने के निर्देश दिये। उन्होंने सभी विभागों के ऑपरेटरों का डाटाबेस बनाये जाने के निर्देश दिये ताकि सभी विभागों की योजनाओं के पोर्टल का अपडेशन रहे। उन्होंने निर्देशित किया कि सभी एसडीएम, सीईओ, सीएमओ, नोडल सेक्टर अधिकारी एवं कर्मचारी अपने दायित्वों का निर्वहन सजगता एवं जिम्मेदारी से करें। श्री शर्मा ने निर्देशित किया कि मतदाता पुनरीक्षण कार्यक्रम अंतर्गत दावे, आपत्ति और निराकरण संबंधी कार्यवाही पूर्ण करें। उन्होंने कहा कि मतदाता सूची में पूर्णतः शुद्धता रहे यदि मृतक का नाम सूची में शामिल होगा तो संबंधित बीएलओ और जिम्मेदार अधिकारी पर कठोर कार्यवाही की जायेगी।

उन्होंने कहा कि दोहरी प्रवृष्टि नहीं हो इसको पूर्णतः सुनिश्चित करें। उन्होंने नल जल योजना अंतर्गत संचालित कार्यों की समीक्षा करते हुए निर्माण कार्यों में संचालित गतिविधियों और नवीन कार्य के लिये आवश्यक निर्देश दिये। इस अवसर पर जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन, अपर कलेक्टर पीएस चौहान, एएसपी सीताराम, एसडीएम टीकमगढ़ संजय दुबे, एसडीएम बल्देवगढ़ विजय कुमार सेन, एसडीएम जतारा लोकेन्द्र सिंह सरल, डिप्टी कलेक्टर एसके तोमर, जीएमडीआईसी राजशेखर पांडे, ईई पीएचई जितेन्द्र मिश्रा, सीएमएचओ डॉ.एसआर रोशन, उप संचालक पशुपालन एवं डेयरी विभाग डीके विश्वकर्मा, उप संचालक सामाजिक न्याय आरके पस्तोर, सहायक संचालक मत्स्य विभाग आरके मिश्रा, जिला योजना अधिकारी रामबाबू गुप्ता, पीओ डूडा सुश्री शिवि उपाध्याय, लोकसेवा प्रबंधक अमन गोयल सहित संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

# पीएमयूएम शिक्षक संघ का विस्तार, शिव प्रताप प्रांतीय उपाध्यक्ष बने

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** प्राथमिक माध्यमिक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ का विस्तार करते हुए प्रांताध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया ने शिव प्रताप सिंह बुंदेला को प्रांतीय उपाध्यक्ष व मिथलेश रिछारिया को प्रांतीय सचिव के पद पर मनोनीत किया। उक्त आशय की प्रेस विज्ञप्ति जारी करते हुए मुरली मनोहर अरजरिया ने बताया कि सतीश खरे की अनुसंशा पर शिव प्रताप सिंह बुंदेला को प्रांतीय उपाध्यक्ष व सुनील त्रिपाठी की अनुसंशा पर मिथलेश रिछारिया को प्रांतीय सचिव नियुक्त किया गया है। दोनो नियुक्तियों पर श्रीमती सुधा गौतम, श्रीमती नीलू राय, ब्रजेश असाटी, रामाशंकर त्रिपाठी, शैलेश जैन, आजाद पस्तोर, अरविंद नामदेव, अरविंद सेन, स्वतंत्र सक्सेना, अशोक पाठक, उमाशंकर श्रीवास्तव, ओपी पटेरिया, कार्तिक खरे, संतोष अहिरवार, कमलेश चढ़ार, अखंड प्रताप सिंह, मुकेश सेन, जागेश्वर मिश्राए, राघवेंद्र श्रीवास्तव, अंकित खरे, संदीप प्रजापति, जय राम कुशवाहा, संजय रावत, शंकर सिंह, सुरेश पाठक, बलवीर गिरी, द्वारिका परिहार, पुष्पेंद्र सिंह परिहार, वीरेंद्र चतुर्वेदी, दीपेश रजक, एहरलाल रैकवार, रवि यादव, सतीश अहिरवार, परशुराम मिश्रा, सुरेश तिवारी आदि ने बधाई दी है।



# ट्रांसजेण्डर समुदाय की समाज में स्वीकार्यता एवं विधिक अधिकारों पर हुआ जागरुकता कार्यक्रम



**टीकमगढ़, देशबन्धु।** मप्र राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार बुधवार 6 सितम्बर को ट्रांसजेण्डर समुदाय की समाज में स्वीकार्यता एवं विधिक अधिकारों एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने हेतु विशेष जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. भवन में किया गया। जिला न्यायालय परिसर स्थित ए.डी.आर. भवन में प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ श्री हितेन्द्र सिंह सिसौदिया के मुख्य आतिथ्य में विशेष जागरूकता कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्जवलित कर किया गया। कार्यक्रम में उपस्थित ट्रांसजेण्डर (किन्नर) को माननीय प्रधान जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष श्री हितेन्द्र सिंह सिसौदिया एवं सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण टीकमगढ़ विनोद कुमार पाटीदार ने अधिकारों की जानकारी देते हुए कहा कि शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ आम आदमी की तरह मिलेगा। चिंतित होने की जरूरत नहीं है। वह भी समाज की अभिव्यक्ति है कोई भेदभाव नहीं होना चाहिए। शासन प्रशासन ने किन्नर समाज के लोगों की भी चिंता की है। साथ ही उपस्थित ट्रांसजेण्डर (किन्नर) समुदाय से उनके अधिकारों एवं समस्याओं के साथ साथ उनके आधार कार्ड, वोटर कार्ड, राशन कार्ड आदि पर चर्चा की गई। उक्त दस्तावेज बनाने के संबंध में प्रशासन से समन्वय स्थापित किया गया। कार्यक्रम का संचालन जिला विधिक सहायता अधिकारी श्री बृजेन्द्र सिंह भदौरिया द्वारा किया गया एवं आभार श्री पुरूषोत्तम सोनी द्वारा किया गया। इस अवसर पर श्री अनिल करौरिया जिला न्यायाधीश, अपर कलेक्टर प्रताप सिंह चौहान, किन्नर समुदाय से नगमा, मीरा, माया, पल्लवी, काजला, गौसिया, ग्रामीण समिति के कार्यकर्ता, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के कर्मचारीगण सहित अन्य लोग उपस्थित रहे।

### नजरबाग प्रांगढ़ स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में आज मनाया जाएगा प्रकटोत्सव

# मटकी फोड़ प्रतियोगिता एवं शोभायात्रा के साथ 3 दिवसीय जन्मोत्सव का शुभारंभ

**टीकमगढ़, देशबन्धु।** शहर में श्रीकृष्ण जन्मोत्सव समारोह तीन दिन तक मनाया जाएगा। 06 सितम्बर बुधवार को युवा यादव महासभा की ओर से मानस मंच में कार्यक्रम आयोजित किया गया। गुरुवार 07 सितम्बर को नजरबाग स्थित श्रीराम जानकी मंदिर में रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव मनाया जाएगा। इसके बाद 8 सितंबर को श्री कृष्ण जन्मोत्सव परिवार की ओर से शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। युवा यादव समिति के शिवेंद्र यादव ने बताया कि श्रीकृष्ण जन्माष्टमी के उपलक्ष्य में बुधवार 6 सितम्बर को मानस मंच में सांस्कृतिक कार्यक्रम के साथ भजन कीर्तन का आयोजन किया गया। इस दौरान मटकी फोड़ प्रतियोगिता आयोजित की गई। साथ ही शहर में विशाल शोभा यात्रा निकाली गई। इस मौके पर श्री कृष्ण जन्मोत्सव समारोह में जिले भर के यादव समाज के लोग एकत्रित हुए। आज गुरुवार को शहर के ऐतिहासिक नजरबाग मंदिर में रात 12 बजे भगवान श्री कृष्ण का जन्म महोत्सव बड़े ही धूमधाम के साथ मनाया जाएगा। मंदिर के पुजारी सुरेंद्र मोहन द्विवेदी ने बताया कि इस बार जन्माष्टमी को लेकर कुछ भ्रांति है। हालांकि संतो के अनुसार अष्टमी तिथि गुरुवार को पड़ रही है। इसलिए श्री कृष्ण जन्माष्टमी समारोह 7 तारीख को मनाया जाएगा। श्री कृष्ण जन्मोत्सव परिवार के सदस्यों ने बताया कि 8 सितंबर को शहर में शोभायात्रा निकाली जाएगी। हर साल की तरह इस बार भी यात्रा नजरबाग मंदिर से शुरू होकर नगर की परिक्रमा लगाते हुए नजरबाग में ही समापन होगा। यात्रा में भगवान श्री कृष्ण की आकर्षक झांकियां, मुकुट और बांसुरी प्रमुख आकर्षण का केंद्र होंगे।





**विधायक राकेश गिरी ने पुष्पवर्षा करके किया स्वागतः** युवा यादव समिति द्वारा बुधवार के दिन शहर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। युवा यादव समिति द्वारा शहर के किले के मैदान में जन्माष्टमी को लेकर कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसके बाद शहर में भव्य शोभायात्रा निकाली गई। युवा यादव समिति द्वारा जन्माष्टमी को लेकर निकाली गई शोभायात्रा का विधायक राकेश गिरी ने अपने समर्थकों के साथ शहर के कटरा बाजार चौराहे पर पुष्प वर्षा कर जोरदार स्वागत किया। विधायक राकेश गिरी ने सभी लोगों को कृष्ण जन्माष्टमी की शुभकामनाएं प्रेषित करते हुए कहा कि कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व आप सभी के जीवन में अपार खुशियां लाएं। आप सभी के घर में धन-धान्य की हमेशा वर्षा होती रहे, ऐसी में भगवान से प्रार्थना करता हूं।

## सार समाचार

### पटवारी संघ ने तिरंगा रैली निकाली



**दमोह देशबन्धु।** मध्य प्रदेश पटवारी संघ के निर्देशानुसार दमोह में एक विशाल तिरंगा रैली का आयोजन किया गया। जिसमें दमोह जिले के सभी तहसीलों के पटवारी ने अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। पंडाल स्थल से प्रारंभ होकर रैली कैलाना का से आगे तीन गोल्ली, स्टेशन चौराहा, राय चौराहाघंटाघर होते हुए अंबेडकर चौक आई और फिर कीर्ति स्तंभ बेलाताल रोड से पंडाल स्थल पर समाप्त हुई । मध्यप्रदेश पटवारी संघ जिला दमोह के पंडाल में सपाक्स पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ हीरालाल त्रिवेदी पंडाल में आए एवं पटवारी संघ की मांगों का समर्थन किया एवं मुख्यमंत्री को पटवारी की विभिन्न मांगों को उनके निराकरण किया जाने हेतु पत्र लिखा जाएगा।

# किन्नरों को अधिकार के प्रति जागरूक करने विधिक साक्षरता शिविर आयोजित

**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत प्रिंसिपल जिला न्यायाधीश/अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण रेणुका कंचन के निर्देशन में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय की उपस्थिति में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, ए.डी.आर. भवन दमोह में विशेष पहचान सप्ताह अंतर्गत ट्रांसजेंडर समुदाय में स्वीकार्यता बढ़ाने तथा विधिक अधिकारों एवं शासन की योजनाओं का लाभ दिलाने के लिये विशेष जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। शिविर में जिला न्यायाधीश/सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण अम्बुज पाण्डेय जिला विधिक सहायता अधिकारी रजनीश चौरसिया एवं किन्नरगण उपस्थित रहे। जिला न्यायाधीश/सचिव अम्बुज पाण्डेय द्वारा किन्नरो की समस्याओं के बारे में जाना गया एवं निराकरण हेतु पथ प्रशस्त किया गया। साथ ही उनके हितार्थ योजनाओं एवं एक्ट के संबंध में जानकारी दी।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम: ब्लॉक हटा के ग्राम बोरी कला में निकली रैली

**दमोह देशबन्धु।** केन्द्रीय खेल मंत्री अनुराग ठाकुर के निर्देशानुसार संपूर्ण देश में मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम आयोजित किये जा रहे हैं। युवा कार्यक्रम खेल मंत्रालय भारत सरकार के द्वारा संचालित नेहरू युवा केंद्र संगठन युवा अधिकारी सुधीर सिंह एवं लेखपाल तेज खान के कुशल मार्गदर्शन में विकासखंड हटा के अंतर्गत ग्राम बोरी कला में विशाल रैली का आयोजन किया गया। रैली में मेरी माटी मेरा देश अमृत कलश की विशेष भूमिका रही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि अरविंद नामदेव ने बच्चों को मार्गदर्शन दिया एवं घर-घर जाकर मिट्टी संग्रह की। कार्यक्रम के अध्यक्ष प्रधान अध्यापक देवेंद्र चौधरी और बी पटेल ने जय घोष के नारे लगवाएं और राष्ट्रीय युवा स्वयंसेवक एवं कार्यक्रम प्रभारी सोमनाथ विश्वकर्मा ने सभी लोगों का धन्यवाद ज्ञापित किया। इस अवसर पर वीर सिंह राजपूत, काजल चौधरी, दीपक वासुदेव सहित अन्य कर्मचारी मौजूद रहे।



## सामूहिक रूप से ली लोकतंत्र की शपथ



**दमोह देशबन्धु।** भारत निर्वाचन आयोग के दिशा निर्देशानुसार आगामी विधानसभा निर्वाचन 2023 की चुनावी प्रक्रिया में स्वीप गतिविधियों के अंतर्गत जिले की चारों विधानसभाओं में समस्त शासकीय और अशासकीय महाविद्यालय एवं समस्त विद्यालयों में तथा शासन के विभिन्न विभागों में सामूहिक रूप से लोकतंत्र की शपथ का आयोजन किया गया। इन आयोजनों के माध्यम से ग्रामीण एवं नगरीय जनता को सक्रिय रूप से अपने मत का निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से उपयोग करने की प्रतिबद्धता के साथ उन्हें बिना किसी भय एवं डर के अपने वोट करने के अधिकार की शक्ति का प्रयोग करने हेतु जागरूक किया जा रहा हैं। यह कार्यक्रम कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी मयंक अग्रवाल, मुख्य कार्यपालन अधिकारी जिला पंचायत एवं स्वीप नोडल अधिकारी अर्पित वर्मा, अपर कलेक्टर एवं उप जिला निर्वाचन अधिकारी मीना मसराम के मार्गदर्शन एवं सहायक स्वीप नोडल अधिकारी प्राचार्य डॉक्टर के पी अहिरवार के सक्रिय प्रयासों एवं कुशल नेतृत्व में जिले की सभी संस्थाओं में सक्रिय रूप से संचालित किए जा रहें हैं।

प्रति दिवस जिले में होने वाले इन आयोजनों ने उत्सव का रूप ग्रहण कर लिया है आम नागरिक एवं विद्यार्थी उत्साह के साथ तीव्र गति से इस लोकतंत्र में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने एवं अपने मत का प्रयोग करने हेतु सजक और जागरूक दिखाई दे रहे हैं।

## विद्युत महिला मंडल ने शिक्षक दिवस पर शिक्षिकाओं को किया सम्मानित



**दमोह देशबन्धु।** म.प्र. विद्युत महिला मंडल द्वारा संचालित बालक मंदिर हायर सेकेंडरी स्कूल रामपुर में टीचर्स डे पर शिक्षिकाओं का सम्मान कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिसमें म.प्र. विद्युत महिला मंडल की अध्यक्ष डॉ. अंजना तिवारी ने शाला प्राचार्या शशिकिरण श्रीवास्तव सहित अन्य शिक्षिकाओं को सम्मानित किया। कार्यक्रम में डॉ. अंजना तिवारी ने कहा शिक्षक के बिना हम शिक्षा को प्राप्त नहीं कर सकते। हम अपने जीवन में कितने ही बड़े और कामयाब इंसान क्यूं न बन जाएं, लेकिन हमें अपने शिक्षक को कभी नहीं भूलना चाहिए। शिक्षक एक पेड़ की तरह होता है, जो अपने सभी विद्यार्थियों पर ज्ञान की छांव हमेशा बनाए रखता है। कार्यक्रम में शाला प्रबंध समिति पदाधिकारी रश्मि श्रीवास्तव, सुजाता सिंह, प्रतिभा पाणी, नीता दीक्षित, कविता निगम, प्रतिभा पटेल आदि उपस्थित रहीं। इस अवसर पर छात्र-छात्राओं ने भी शिक्षिकाओं का सम्मान करते हुये अपने विचार व्यक्त किये।

### धारदार चाकू के साथ युवक गिरफ्तार

**दमोह/हटा देशबन्धु।** हटा थाना क्षेत्र अंतर्गत आने वाले ग्राम बोरी कला के एक युवक को धारदार चाकू लहराते हुए नाग मंदिर के पास से गिरफ्तार किया है। युवक के पास से चाकू जब्त कर आर्म्स एक्ट के तहत मामला दर्ज कर लिया है। पुलिस के अनुसार मुखबिर से सूचना मिली कि बोरी कला नाग मंदिर के पास लोहे का धारदार चाकू लहराते हुए राजा उर्फ कमलेश पिता भगीरथ पटेल उम्र 24 वर्ष निवासी बोरी कला लोगों को डरा धमका रहा है। सूचना पर मौके पर पहुचे ें प रामकुमार ठाकुर,सुंदर सुमन,प्रधान आरक्षक महेंद्र बाबू नीरज नामदेव देवेंद्र अठ्या मनीष पटेल ने घेराबंदी कर युवक को गिरफ्तार कर 25 बी के तहत मामला पंजीबद्ध किया है।

### 3 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही

**दमोह देशबन्धु।** जिला मजिस्ट्रेट मयंक अग्रवाल ने आपराधिक गतिविधियों पर तत्काल प्रभाव से नियंत्रण करने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक सुनील तिवारी के प्रतिवेदन पर म.प्र. राज्य सुरक्षा अधिनियम के तहत 03 अपराधियों पर प्रतिबंधात्मक कार्यवाही की है। उन्होंने थाना तारादेही के अनावेदक कृष्णा पिता पंचू यादव निवासी ग्राम समनापुर, केवल पिता कनई यादव निवासी ग्राम सर्रा तथा अनावेदक विनय जैन पिता संतोष कुमार जैन निवासी तारादेही जिला दमोह को आगामी 09 माह अर्थात 270 दिवस की कालावधि तक के लिये दिये गये निर्देशों का पालन करने हेतु पाबंद किया है। जारी प्रतिबंधात्मक आदेशानुसार संबंधित अनावेद प्रत्येक सोमवार को संबंधित थानों के थाना प्रभारी के समक्ष उपस्थिति दर्ज करायेंगे तथा सामान्य नागरिक की भांति नेक चाल चलन बनाकर रखेगा।

## आजा जला कल्याण विभाग के हॉस्टल अधीक्षकों का प्रशिक्षण संपन्न

**दमोह देशबन्धु।** कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा दिये गये निर्देशों के तहत सचिव/जिला न्यायाधीश अंबुज पांडेय के मार्गदर्शन में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण ए.डी.आर. भवन दमोह में महिला एवं बाल विकास विभाग दमोह द्वारा अनुसूचित जाति-जनजाति कल्याण विभाग के समस्त 60 हॉस्टल अधीक्षकों को बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ सह मिशन वात्सलय अंतर्गत बाल आधिकारों, बाल संरक्षण, बच्चों के विरुद्ध लैंगिक हिंसा अधिनियम 2012, बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम 2006, लैंगिक भेदभाव, जेंडर सेंसिटिव अप्रोच, सायबर सुरक्षा, आदि विषयों पर एक दिवसीय प्रशिक्षण का आयोजन किया गया। प्रशिक्षण के उद्देश्यानुसार इन अधीक्षकों के माध्यम से हॉस्टल के सभी बालक बालिकाओं को इन विषयों पर प्रशिक्षण दिया जायेगा, जिसकी समीक्षा कलेक्टर मयंक अग्रवाल द्वारा त्रैमासिक टास्क फोर्स बैठक में की जायेगी। प्रशिक्षण में सहायक संचालक महिला एवं



बाल विकास शालीन शर्मा, जिला संयोजक ममता अभियान यूनिसेफदमोह वीरेंद्र जैन मास्टर ट्रेनर के रूप में उपस्थित रहे। इनके द्वारा उपस्थित प्रतिभागियों को विषयों पर प्रेसेंटेशन, ऑडियो-वीडियो, प्रतिभागी चर्चा, सहभागी गतिविधियों के माध्यम से प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में विशेष न्यायाधीश शरद सक्सेना मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उनके द्वारा अपने उद्बोधन में उपस्थित प्रतिभागियों को विधि विषयक समग्र जानकारी दी गयी। प्रशिक्षण में जिला न्यायाधीश अंबुज पांडेय ने समस्त प्रतिभागियों को संबोधित करते हुए कहा आज के इन महत्वपूर्ण विषयों को बच्चों तक पहुंचाने में आप सभी की महत्वपूर्ण भूमिका है। प्रशिक्षण में जिला विधिक सेवा अधिकारी रजनीश चौरसिया भी उपस्थित रहे, उनके द्वारा प्रश्नोत्तर काल में प्रतिभागियों की विभिन्न शंकाओं का समाधान किया गया।

## राजपत्रित आयुष चिकित्सकीय अधिकारी संघ की जिला कार्यकारिणी का गठन



**दमोह देशबन्धु।** रापत्रित आयुष चिकित्सकीय अधिकारी संघ के प्राँतीय संरक्षक डाँ कैलाश पवार की उपस्थिति में राजपत्रित आयुष चिकित्सकीय अधिकारी संघ जिला दमोह की कार्यकारिणी का गठन किया गया। संरक्षक एवं मार्गदर्शक डाँ राजकुमार पटेल ने बताया अध्यक्ष डाँ अनुराग कुमार, उपाध्यक्ष डाँ वाय पी गर्ग, डाँ मनीष पालीवाल, डाँ रामजी माँझी, डाँ रितु कुरेरिया, डाँ मनीष पटेल, डाँ शिरीष जैन, महासचिव डाँ ब्रजेश कुलपारिया, सचिव, डाँ प्रदीप तंतुवाय, डाँ प्रियंका तारूण, डाँ दिनेश पटेल, कोषाध्यक्ष डाँ राहुल चौरसिया, डाँ बैरेटी चौरसिया, मीडिया प्रभारी डाँ बीएम गौतम, डाँ दशरथ सिंह सहित अन्य सभी चिकित्सकों को कार्यकारिणी सदस्य बनाया गया।

## सीईओ ने उद्यानिकी विभाग की योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर रथ को किया रवाना



**दमोह देशबन्धु।** सीईओ जिला पंचायत अर्पित वर्मा ने उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के प्रचार-प्रसार के लिए हरी झंडी दिखाकर रथ को कलेक्ट्रेट परिसर से रवाना किया। यह रथ विभिन्न स्थानों में जाकर उद्यानिकी विभाग की विभिन्न योजनाओं के बारे में प्रचार-प्रसार करेगा। इस अवसर पर सहायक संचालक उद्यानिकी यश कुमार सिंह, अग्रणी बैंक जिला प्रबंधक नरेन्द्र सोनी, जिला परिवहन अधिकारी क्षितिज सोनी, लोक सेवा प्रबंधक चक्रेश पटेल सहित अन्य विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

## नीमा एसोसिएशन ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन



**दमोह देशबन्धु।** नीमा एसोसिएशन ने दिया मुख्यमंत्री के नाम ज्ञापन देश के अन्य राज्यों की तरह मध्यप्रदेश में पंजीकृत आयुर्वेदिक/यूनानी चिकित्सकों को माडर्न मेडिसिन लिखने एव उपचार हेतु उपयोग करने की अनुमति प्रदान करने की ज्ञापन सौंपकर मांग की। ज्ञापन सौंपते समय डॉ. सी.एल. नेमा, डॉ. अनिल चौधरी, डॉ. तिलकराज दुआ, डॉ. गंगाराम पटेल, डॉ.दीपक जैन, डॉ.कम्यूम खान, डॉ. सुरेन्द्र पटेल, डॉ.अतुल पालीवाल, डॉ.सौरभ अग्रवाल, डॉ.दिलीप गुप्ता, आई.के. जैन, आशुतोष गुप्ता, डॉ.प्रघुम्न नेवाडे, डॉ. सौरभ चौधरी, डॉ.नीरज शर्मा आदि की उपस्थिति रही।

## शिक्षक राष्ट्र निर्माता के साथ आत्मशक्ति के प्रेरणास्रोत भी: जैन

### पूर्व विधायक ने किया 8 सौ शिक्षकों का सम्मान

**गंजबासौदा, देशबन्धु।** शिक्षक राष्ट्र निर्माता होने के साथ ही आत्म शक्ति के प्रेरणा स्त्रोत भी होते हैं। शिक्षकों की महानता का जितना भी वर्णन किया जाए कम है। शिक्षक सूर्य के समान होते हैं जो खुद तपकर छात्र जीवन को निखारते हैं। यह बात पूर्व विधायक निशंक जैन ने स्थानीय मानस भवन में आयोजित शिक्षक सम्मान समारोह में कही। समारोह में सेवानिवृत एवं शिक्षिक शिक्षकों का माला, शाल श्रीफल, एवं सम्मान पत्र भेंट कर सम्मान किया। इसके पूर्व मां सरस्वती एवं डॉक्टर राधाकृष्णन के चित्र पर माल्यार्पण कर दीप प्रचलित कर, कार्यक्रम का शुभारंभ किया। जैन ने कहा कि भारत के प्रथम उपराष्ट्रपति सर्वपल्ली डॉक्टर राधाकृष्णन का जन्मदिवस 5 सितंबर शिक्षकों के सम्मान में प्रतिवर्ष शिक्षक दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि वास्तव में समाज को गढ़ने का कार्य शिक्षा ही करते हैं। बच्चे हमारे देश का भविष्य है और शिक्षक



बच्चों को तराश कर उन्हें शिक्षा प्रदान कर आगे बढ़ते हैं, और एक अच्छा नागरिक बनाते हैं। उन्होंने अपने बचपन की बाते सभी को सुनाई और कहा कि शिक्षक विद्यार्थियों को पढ़ने लिखने तक सीमित न होकर उन्हें अंधकार से प्रकाश की ओर ले जाने वाले और जीवन में सकारात्मक बदलाव लाने का काम करते हैं। शिक्षक बच्चों के भविष्य को आकार देते हैं और इस तरह राष्ट्र के भावी भविष्य का निर्माण करते हैं। शिक्षकों के बगैर सफल जीवन की कामना निरर्थक होती है। शिक्षकों को बेहतर सुविधाएं मिलें, उनकी कठिनाइयां दूर हो, जिससे कि शिक्षक और अधिक मन लगाकर बच्चों को शिक्षा दें। उक्त कार्यक्रम शिक्षक सम्मान समिति के तत्वाधान में आयोजित किया गया। शिक्षक सम्मान कार्यक्रम में लगभग 800 से अधिक शिक्षक शिक्षिकाओं का सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शिक्षक व शिक्षिकाएं एवं सेवानिवृत्ति शिक्षक मौजूद रहे। रामकिशन दुबे बहादुर सिंह दांगी जमीर अहमद प्रकाश मिश्रा सैयद मोहम्मद अदनान राजेश जैन ग्यारसपुर खिलान सिंह रघुवंशी पवन रिछारिया हरीश भावसार नीरज द्विवेदी जगदीश व्यास नेता प्रतिपक्ष मंजू कुशवाहा श्वेता जैन सरिता आर्या नीतू मिश्रा विद्या यादव गोविंद गुर्जर विष्णु महाराज रणधीर रघुवंशी सनाई ओमप्रकाश चौरसिया तोरण सिंह रघुवंशी अंसार खान बृजेश लोधी अरुण शर्मा बीडी शर्मा अमित दुबे पद्ध ज्ञानू श्रीवास्तव मणि भाई अहिरवार अजय तिवारी गौरव शर्मा जोहब हसन मुकुल जैन संतोष पाल सौरभ दुबे प्रशांत यादव यश मिश्रा पलाश जैन आदिल आकाश अभय विकास सेन अभिषेक दीक्षित सुमित पटेल सहित समस्त कांग्रेस कार्यकर्ता समलित रहे ।

## ब्राह्मण समाज पर आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाला गिरफ्तार



**मुरैना, देशबन्धु।** कैलारस में विगत मंगलवार को ब्राह्मण समाज के विरुद्ध आपत्तिजनक टिप्पणी करने वाले भाजपा की ओर से टिकट के दावेदार रामलाल धाकड़ के पुत्र को पुलिस ने बुधवार को गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी पर ब्राह्मण समाज के विरुद्ध थाना कैलारस में अपराध क्रमांक 282 / 23 धारा 505 .2. ताहि.67 आईटी एक्ट पंजीबद्ध किया गया। जिसकी तत्काल गिरफ्तारी हेतु पुलिस अधीक्षक शैलेंद्र सिंह चौहान द्वारा निर्देशित किया गया था एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक अरविंद ठाकुर व अनुविभागीय अधिकारी रवि सोनेर के मार्गदर्शन में ब्राह्मण समाज के खिलाफ आपत्तिजनक टिप्पणी करने बाले आरोपी की घर पकड़ हेतु टीम का गठन किया गया। थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर के नेतृत्व में गठित की गई टीम ने सीडीआर व सीसीटीवी फुटेज एवं मुखबिर की सूचना पर आरोपी विनोद धाकड़ पुत्र रामलाल धाकड़ को उस समय गिरफ्तार कर लिया जब वह पहाड?ढ़ रोड कैलारस से कहीं भागने की फिराक में था। आरोपी से की गई पूछताछ में उसने अपना अपराध कबूल किया है। इसके बाद आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया गया है। आरोपी को गिरफ्तार करने में थाना प्रभारी सोनपाल सिंह तोमर उप निरीक्षक संतोष गौतम, उप निरीक्षक राममंत्र गुप्ता, प्रधान आरक्षक श्यामवीर सिंह सिकरवार, वृंदावन अर्गल, दातार सिंह, दीपेंद्र सिंह परमार, शिवकुमार जाट, वीरपाल जाट, राहुल अटेरिया, ब्रजराज जाटव, राकेश कुशवाह, आरक्षक रोहित घंनघौरिया, देवेंद्र सिंह घुरैया, आरक्षक चालक शाकिर खान, एवं साइबर सेल के प्रधान आरक्षक स्वदेश की सराहनीय भूमिका रही।

### जहर खाने से नव विवाहिता की मौत

**मुरैना, देशबन्धु।** सिविल लाइन थाना क्षेत्र के लोहरीपुरा गांव में बुधवार की सुबह एक नव विवाहित की संदिग्ध परिस्थितियों में जहर खाने से मौत हो गई। मृतिका के भाई ने पति व ससुरारी जनों पर दहेज के लिए जहर पिलाने का आरोप लगाया है प्राप्त जानकारी के अनुसार लोहरीपुरा गांव में निवासी बृजेश दोनोरिया ने बताया कि उसकी बहन वर्षा 21 वर्ष का विवाह 22 फरवरी 2023 को राहुल निवासी लोहरीपुरा के साथ संपन्न हुआ था और सामर्थ अनुसार दहेज भी दिया था। बृजेश ने बताया कि शादी के बाद से ही दोनों के बीच झगड़े होते थे तथा दहेज के लिए प्रताड़ित किया जा रहा था।

# ट्रैक्टर चोरी के आरोपियो को किया गिरफ्तार चोरी गया ट्रैक्टर भी बरामद किया

**सागर, देशबन्धु।** सानौधा थाना पुलिस ने ट्रैक्टर चोरी करने वाले गिरोह को गिरफ्तार किया है। आरोपी चोरी का ट्रैक्टर बेचने के लिए ग्राहक की तलाश कर रहे थे। तभी पुलिस ने घेराबंदी कर चार आरोपियों को धरदबोचा। उनके पास से चोरी का ट्रैक्टर जब्त किया गया है। पुलिस के अनुसार 28 अगस्त को फरियादी नरेंद्र सिंह ठाकुर निवासी हिलगन ने सानौधा थाने में शिकायत की थी। शिकायत में बताया कि ट्रैक्टर क्रमांक एमपी 15 एबी 0549 मय ट्राली के घर के सामने खड़ा था। रात के समय अज्ञात चोर ट्रैक्टर-ट्राली ले गए है। वारदात सामने आते ही पुलिस ने प्रकरण दर्ज किया और मामले की जांच शुरू की। वारदात स्थल के आसपास लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। साथ ही मुखबिर तंत्र सक्रिय किया। पुलिस टीमें गठित कर आरोपियों की तलाश में लगाई गई। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि कैंट थाना क्षेत्र के ग्राम पगारा की ओर कुछ लोग ट्रैक्टर और ट्राली बेचने के लिए घूम रहे हैं। वे ग्राहक तलाश रहे हैं। जानकारी मिलते ही पुलिस टीम कार्रवाई के लिए रवाना हुई। टीम ने ग्राम पगारा पहुंचकर ईंट भट्टों और गांव के आसपास तलाश शुरू की। इसी दौरान पगारा के पास रोड किनारे झाडियों में ट्रैक्टर खड़ा हुआ मिला। साथ ही कुछ दूर दो लोग घूमते दिखे। जिन्हें पुलिस टीम ने घेराबंदी कर हिरासत में लिया। पूछताछ में उन्होंने अपने नाम अजय पुत्र भागवान सिंह रावत उम्र 22 साल निवासी ग्राम हिलगन और मुस्कान उर्फ कृष्णकुमार पुत्र राजकुमार चढार उम्र 19 साल निवासी ग्राम पगारा होना बताया। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस थाने लाई। थाने में पूछताछ में आरोपियों ने ग्राम हिलगन से अपने साथी शुभम पुत्र परषोत्तम रावत उम्र 20 साल व गोविंद पुत्र मोतीलाल पटेल उम्र 21 साल दोनों निवासी ग्राम पगारा के साथ ट्रैक्टर-ट्राली चोरी करने की वारदात कबूल की। जिसके बाद पुलिस ने कार्रवाई करते हुए आरोपी शुभम और गोविंद को गिरफ्तार किया। आरोपियों के कब्जे से ट्रैक्टर-ट्राली जब्त की गई। सानौधा थाना प्रभारी आरपी दुबे ने बताया कि ट्रैक्टर चोरी के मामले में चार आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया। जहां से कोर्ट ने उन्हें जेल भेज दिया है।



## स्वानिधि से समृद्धि योजना के तहत हितग्राहियों को लाभ पहुंचाने संचालित किया जा रहा शिविर

**सागर, देशबन्धु।** निगमायुक्त चंद्रशेखर शुक्ला के मार्गदर्शन में स्वनिधि से समृद्धि योजना के प्रभावी क्रियान्वन हेतु नगर निगम द्वारा पं. मोतीलाल नेहरू स्कूल में विशेष शिविर संचालित किया जा रहा है जिसमें पात्र पथ विक्रेताओं को पीएम स्वनिधि योजना का लाभ दिलाने के साथ-साथ पीएम स्वनिधि योजना के समस्त लाभार्थियों की शत-प्रतिशत सोशल प्रोफाइलिंग कराकर उनको शासन की विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ने का कार्य किया जा रहा है। इसके अलावा शहर के ऐसे पथ विक्रेता एवं उनके परिवार जन जिनके बैंक खाता नहीं है उनका बैंक खाता भी खुलवाने का कार्य किया जा रहा है ताकि उन्हें शासन की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं का लाभ दिया जा सके।




# भाजपा ने बढ़ाया आदिवासियों का मान सम्मान: गोविंद सिंह राजपूत



**सागर, देशबन्धु।** भारत देश में आदिवासी समाज का इतिहास गौरवशाली रहा है। जहां आप एक किसान हैं, देश की आजादी में अपना अतुल्य योगदान देने वाले वीर योद्धा है, वहीं आप एक वैद्य भी हैं। पुराने समय में जब कोई राजा-महाराजा बीमार पड़ता था तो आप जंगल के राजा उन औषिधियों से उनका इलाज करते थे, जिनका ज्ञान-विज्ञान आपके पास ही था। औषधी ज्ञान की वजह से आपने कई लोगों के प्राण बचाएं हैं, ऐसी समाज को मेरा और मेरे पूरे परिवार की ओर से नमन है। वहीं भाजपा ने आदिवासी समाज का हमेशा मान-सम्मान बढ़ाया है और उन्हें सम्मानित किया है। यह बात मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कही। वे आदिवासी समाज के सम्मान समारोह को संबोधित कर रहे थे। जिला पंचायत अध्यक्ष हीरा सिंह ने कहा कि मुगलों और अंग्रेजों के खिलाफ अगर कोई बुंलदी के साथ खड़ा रहा तो वह आदिवासी समाज के वीर योद्धा थे। जिन्होंने अपने प्राण दे दिए, लेकिन झुके नहीं। भगवान बिरसा मुंडा भी उन्हीं वीर योद्धाओं में से एक हैं। ऐसी गौरवशाली समाज को मेरा प्रणाम है। कार्यक्रम के दौरान समाज के वरिष्ठ सरदार सिंह ने कहा कि मंत्री गोविंद भैया समाज के उत्थान के लिए न केवल संघर्षशील है, बल्कि संकल्पित भी हैं। साथ ही वे इस समाज के युवाओं को मुख्यधारा में शामिल कर रहे हैं। आपकी बारी है उनका सहयोग करने की। उन्होंने समाजजनों से हाथ उठाकर सहयोग करने का संकल्प दिलाया।

### प्रधानमंत्री के बीना के कार्यक्रम की तैयारियां प्रारंभ

## कलेक्टर ने अधिकारियों के साथ कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया

**सागर, देशबन्धु।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के बीना कार्यक्रम को लेकर तैयारियां प्रारंभ हो गई है। कार्यक्रम के लिए बीना विधायक महेश राय के साथ कलेक्टर दीपक आर्य, पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी एवं अधिकारियों ने कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान डीआईजी छतरपुर रेंज ललित शाक्यवार भी मौजूद थे। प्रधानमंत्री बीपीसीएल में 50000 करोड़ रुपए की लागत से पेट्रोकेमिकल परिसर में होने वाले निवेश का भूमि पूजन करेंगे। कलेक्टर ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के कार्यक्रम को देखते हुए सभी व्यवस्थाएं चाक-चौबंद रहे। कार्यक्रम में बड़ी संख्या में समाज के सभी वर्गों के लोगों की भागीदारी होगी। इसलिए आने जाने के लिए पर्याप्त संख्या में वाहन उपलब्ध रहे। कार्यक्रम स्थल पर पार्किंग, बैठक व्यवस्था, सुरक्षा, पेयजल आदि सभी व्यवस्था का उचित तरीके से प्रबंध किया जाए। बसों के आने जाने के दौरान कहीं पर भी जाम की स्थिति न बनें। पुलिस अधीक्षक अभिषेक तिवारी ने बताया कि कार्यक्रम स्थल पर अतिरिक्त पुलिस बल तैनात किया जाएगा। सभी अधिकारी कर्मचारी एवं कायक्रम में संलग्न व्यक्तियों के लिए प्रवेश पत्र दिए जाएंगे। बाहर से आने वाले वाहनों एवं स्थानीय वाहनों के लिए अलग-अलग पार्किंग की व्यवस्था की जा रही है, जिसमें बसों एवं चार पहिया वाहनों की अलग से व्यवस्था की जाएगी।

### श्यामलम् का वार्षिक आयोजन 14 सितंबर को

**सागर, देशबन्धु।** राष्ट्रीय हिन्दी दिवस पर आट्र्स एवं कामर्स कालेज की सहभागिता में श्यामलम् का दसवां वार्षिक आयोजन 14 सितंबर को आट्र्स एवं कामर्स कालेज के सभागार में आयोजित किया जाएगा।




















































स्वामी पत्रकार प्रकाशन प्रा.लि.के लिए प्रकाशक गिरिराज चाचा मुद्रक गिरिराज चाचा द्वारा दैनिक भास्कर प्रेस (डी बी कार्प लि.) प्लाट नं. 36 इंडस्ट्रीयल एरिया सागर म.प्र. सागर से मुद्रित एवं 56 अग्रवाल बिल्डिंग एक्सिस बैंक के पीछे 10 सिविल लाईन्स, सागर मप्र से प्रकाशित, संपादकः **पलाश सुरजन,** कार्यकारी संपादकः **ज़ाकिर अली***
प्रबंध संपादक **डॉ. योगेश दत्त तिवारी** फोन 07582-228742 ई-मेल. deshbandhusgr@yahoo.in **प्रेस पंजीयन-** MPHIN/2016/69061 समाचार चयन के लिए पी.आर.बी. एक्ट के तहत जिम्मेदार।